www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
जीवन में ज्यादा रिश्ते जरूरी नही हैं, पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना जरूरी है।

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई हो रही है या नूरा कुश्ती चल रही है। जब इस जंग का आगाज हुआ था तो लगा था कि बाहुबली रूस तीन घंटे में ही पिद्दी से यूक्रेन को चारों खाने चित कर देगा। तीन दिन में यूक्रेन के निपट जाने का कयास लगाया गया लेकिन अब तीन माह हो गए लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही है। पुराने जमाने में जब तलवार और भाले से युद्ध होता था तब भी इतनी लंबी लड़ाई नही चलती थी। क्या फायदा ऐसे आधुनिक हथियारों का जो महीनों जंग न जीता सके।

सूर्योदय

उदय : 5.37 प्रातः

अस्त : 6.57 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,944,722,360

भारत : 1,405,405,970

बाजार

संसेक्स : 55669.03

निफ्टी : 16677.60

गोल्ड : 51,280 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.26 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	39.7	26.5
बिलासपुर	40.4	26.8
जगदलपुर	33.0	22.8
अंबिकापुर	37.9	24.8

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय मिडवाइफ दिवस :- विश्व स्तर पर 1992 से हर साल 5 मई को मिडवाइफ के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मिडवाइव्स के काम को मान्यता देने और माताओं और उनके नवजात शिशुओं को प्रदान की जाने वाली आवश्यक देखभाल के लिए मिडवाइव्स की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2020 को नर्सिंग पायनियर फ्लोरवे नाइटिंगेल की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'ईयर ऑफ नर्स एंड मिडवाइफ' के रूप में डिजाइन किया है।

दैनिक **नव प्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरूवार 5 मई 2022, शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-84 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दौरे के पहले दिन कुसमी में लैडिंग, आम पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

बच्चों से मस्ती, लापरवाहों पर सख्ती

रायपुर-बलरामपुर/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल बुधवार को प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकले। दौरे की शुरुआत बलरामपुर जिले के कुसमी से हुई। इस दौरान सीएम का अलग-अलग अंदाज देखने को मिला। जहां प्रोटोकाल तोड़कर गाड़ी से नीचे उतरे और बच्चों से मिलने पहुंच गए। दौरे के पहले दिन बच्चों से दुलार करते नजर आए तो वहीं बड़ों से आशीर्वाद भी लेते हुए दिखाई दिए। वहीं सीएम का सख्त रवैया भी देखने को मिला। कुसमी में एक महिला के गरीबी रेखा से नाम काटे जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत अधिकारी को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के कहते ही रायपुर से निलंबन का आदेश भी जारी हो गया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर दोपहर में बलरामपुर जिले के कुसमी में उतरा। इस दौरान उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने दुकान संचालक का रजिस्टर देखकर स्टॉक का मिलान किया। वहीं राशन लेने आए लोगों से भी इसकी पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने खुद राशन तौलकर वहां आए लोगों को वितरित किया। इस दौरान शशिकला नाम की एक महिला ने गरीबी रेखा से उसका नाम काटे जाने की शिकायत की। उसने बताया, उसके पास कमाई का निश्चित जरिया नहीं है। वह राशन कार्ड के लिए भटक रही है। शिकायत पर फौरन कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने कुसमी नगर पंचायत के सीएमओ को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, लगातार हिदायत के बावजूद भी अगर जनता को परेशान होना पड़ेगा तो कार्यवाई निश्चित है, इतना समझ लें। मुख्यमंत्री के निर्देश के आधे घंटे के भीतर ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एसके दुबे को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया।

आईटीआई का बनेगा नया भवन

कुसमी-सामरी-बलरामपुर पहुंच मार्ग में कंठी घाट के पास करीब 8 किलोमीटर सड़क का होगा डामरीकरण होगा। मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम के दौरान सभा में मौजूद प्रिया यादव नाम की बच्ची के दिल के ऑपरेशन के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने उसकी मां को पास बुलाकर बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की। मां ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्ची का स्वास्थ्य अब बहुत बेहतर है। बघेल ने बच्ची को गोद में उठाकर दुलारा और आशीर्वाद दिया। इस बच्ची प्रिया यादव का शासन से मिली 3.5 लाख रूपए की राशि से इलाज हुआ है, बच्ची की मां ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनके कामकाज के बारे में जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने उनके समूह द्वारा तैयार की गई सामग्री की टोकरी मुख्यमंत्री को भेंट की। मुख्यमंत्री ने इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

एल्डरमैन के घर पहुंच जाना कुशलक्षेम

मुख्यमंत्री नगर पंचायत कुसमी के वयोवृद्ध एल्डरमैन बहादुर राम से उनके निवास में जाकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर उनके परिवारजनों ने परंपरागत रूप से सरगुजिया पगड़ी पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बहादुर राम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके घर के सदस्यों से भी मिले। मुख्यमंत्री ने घर में बनाए गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आनंद भी लिया।

शंकरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे

सीएम सामरी विधानसभा के शंकरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी का निरीक्षण किया। बीएमओ से प्रतिदिन की ओपीडी, मरीजों के जांच के लिये मशीन की जानकारी ली। बाहर की दवाइयां न लिखने के लिए निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री से पूछे चुटीले और रोचक सवाल

बलरामपुर जिले के कुसमी पहुंचे मुख्यमंत्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से उनका नाम और कक्षा पूछते हुए पढ़ाई को लेकर बातचीत की। स्कूली बच्चों से आत्मीयतापूर्ण बातचीत करते मुख्यमंत्री को देख एक छात्रा वर्षा ने भी उत्सकुता दिखाई और उनसे फिटनेस का राज पूछ लिया। सीएम ने भी बड़ी सहजता से छात्रा की उत्सुकता का जवाब दिया। उन्होंने अपने फिटनेस मंत्रा को शेयर करते हुए बताया कि किसानी, योगा और तैराकी की वजह से यह संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को भी फिटनेस टिप्स देते हुए रोजाना योगा और व्यायाम करने की सलाह दी। स्कूल के अन्य बच्चों ने भी कई चुटीले और रोचक सवाल मुख्यमंत्री से पूछे, जिनका जवाब भी उन्हें मिला।

सेल्फी लेने की मची होड़

सीएम भूपेश बघेल पहुंचे तो वहां ग्रामीणों में सेल्फी लेने लोगों की होड़ मच गई। मुख्यमंत्री ने भी किसी को निराश नहीं किया। उन्होंने सभी के साथ सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान ग्रामीण भारी उत्साहित नजर आए।

आमजन की समस्याओं और मांगों से हुए रू-ब-रू

सीएम कुसमी में आम जनता से रूबरू चर्चा के लिए आयोजित 'भेंट-मुलाकात' में कुसमी के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। नगर पंचायत कुसमी के वार्ड 2 में आम के पेड़ की ठंडी छांव में मुख्यमंत्री से चर्चा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री उनसे मिलने के लिए पैदल चलकर स्थल पर पहुंचे।

यूक्रेन से लौटे छात्र ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कुसमी में यूक्रेन से लौटे छात्र शुभ आशीष मिश्रा ने मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर यूक्रेन से लौटे छात्र-छात्राओं के लिए नई दिल्ली में निःशुल्क रहने, खाने और घर वापस भेजने की व्यवस्था की गई थी।

कुसमी के लिए की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री आम जनता की मांग पर कुसमी-सामरी-बलरामपुर पहुंच मार्ग में कंठी घाट के पास करीब 8 किलोमीटर सड़क डामरीकरण, कुसमी में आलू, टाउ और मिर्ची के फूड प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना, कुसमी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नई तकनीक वाली एक्सरे मशीन, आईटीआई में नए ट्रेड खोलने आईटीआई के नए भवन निर्माण तथा नगर पंचायत कुसमी में फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था करने की घोषणा की। इसके साथ ही साथ उन्होंने कुसमी से कोरंधा होकर लातेहार सड़क को राजकीय राजमार्ग बनाने के लिए झारखण्ड सरकार से चर्चा करने का आश्वासन दिया। कुसमी में बिजली कटौती और ओव्हर लोड की समस्या की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

कोरोना संक्रमण के मामले फिर बढ़कर 3,000 के पार

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमितों की संख्या में फिर से वृद्धि दर्ज की गयी तथा इस दौरान 3,205 नये मामले दर्ज किये गये जबकि मृतकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई जो 31 पर जा पहुंची। मृतकों में 29 केरल से हैं।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देश में एक अरब 89 करोड़ 48 लाख 01 हजार 203 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3,205 नये मरीज सामने आये हैं, जबकि मंगलवार को 2,568 नये मामले सामने आये थे। वहीं इस दौरान 2,802 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 44 हजार 689 मरीज कोविड से उबर चुके हैं।

इस बीमारी से 31 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 5,23,920 हो गया है। मंगलवार को कोरोना से मरने वालों की संख्या 20 थी। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के नये मामलों में तेजी के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान इनमें फिर से वृद्धि दर्ज की गयी है। राजधानी में सक्रिय मामले 242 और बढ़कर 5,986 पहुंच गए। वहीं 1,171 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,54,888 पर पहुंच गया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको ने दाऊद के भतीजे की जमानत खारिज की

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भतीजे रिजवान मोहम्मद इब्राहिम कासकर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में आरोप तय नहीं होने का हवाला देते हुए 'इस स्तर' पर जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते। अगर जांच पूरी कर ली गई होती और सभी आरोपियों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल कर दिए गए होते, तो हम (जमानत पर) विचार कर सकते थे।

नारायणपुर में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, डीआरजी का जवान शहीद

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच बुधवार की सुबह मुठभेड़ हो गई। सर्चिंग पार्टी तुलारगुफा क्षेत्र के जंगल में पहुंची थी, तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक फायरिंग हुई। मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान शहीद हो गया है। जवान अभी भी जंगल में मौजूद हैं और सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 3 मई को नारायणपुर जिले के छोटेडोनबेरा और मुंगारी की ओर आईटीबीपी और डीआरजी की संयुक्त पार्टी सर्चिंग अभियान पर निकली थी। 4 मई की सुबह लगभग 8.30 बजे तुलारगुफा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यालय से बैकअप पार्टी रवाना किया गया

आईजी ने बताया कि फिलहाल मुठभेड़ समाप्त हो गई है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। तुलारगुफा क्षेत्र में जवान अभी भी सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। घटनास्थल के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों का दस्ता रवाना किया गया है। वहीं शहीद जवान के पार्थिव शरीर को नारायणपुर मुख्यालय लाया जा रहा है, जहां अंतिम सलामी देकर उनके गृहग्राम भानुप्रतापपुर रवाना किया जाएगा।

भतीजे के मुंडन में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने निभाई रस्म

उत्तरप्रदेश। 28 साल बाद अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार सुबह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गांव की सैर से दिन की शुरुआत की। वह गांव में घर के उसी कमरे में रूके, जहां उनका बचपन बीता। तड़के चार बजे उठने के बाद योगी आदित्यनाथ ने स्नान करने के बाद घर में ही पूजा की। छह बजे उन्हें चाय परोसी गई।

इसके बाद सवा दो घंटे गांव की सैर करने के बाद वह वापस घर आये। इसके बाद उनकी चाय पर पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत समेत अन्य लोगों से विभिन्न मुद्दो पर चर्चा भी हुई। इस दौरान गांव में उनके पुराने मित्र एवं बुजुर्गों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया। जिन्होंने पुराने दिनों की यादें साझा की।

करीब दस बजे मुंडन की तैयारियां शुरू हो गई। भतीजे अंनत को हल्दी बान देने का सिलसिला शुरू हो गया। सबसे पहले योगी आदित्यनाथ ने ही भतीजे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग में 8 मई तक यलो अलर्ट

■ **कई जिलों में झमाझम बारिश, 40 डिग्री से नीचे लुढ़का पारा,50 किमी की रफ्तार से चल सकती है हवा**

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय मौसमी तंत्र के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बुधवार दोपहर बारिश हुई। कोरिया, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में तेज अंधड़ के साथ पानी बरसा। सरगुजा संभाग के अधिकतर जिलों में बादल छाए हुए हैं। वहां हल्की धूप भी है। कई जिलों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

संबोधन ... गरीब से गरीब की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध

विकास की गाथा गढ़ रहे भारत के लोग : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार गरीब से गरीब लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसंरचनाएं तैयार करेगी।

श्री मोदी ने आपदा की दृष्टि से टिकाऊ अवसंरचना (सीडीआरआई) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने वीडियो संदेश में कहा कि सतत विकास लक्ष्यों का संकल्प यह है कि कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं छूटे। इस सत्र को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन, घाना के राष्ट्रपति नाना

अड्डो दांक्वा अकुफो अड्डो, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री निरिना राजोएलीना ने भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना लोगों के लिए होती है और उसका मकसद उन्हें उच्चस्तरीय, भरोसेमंद एवं टिकाऊ सेवाएं समान रूप से प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि किसी भी ढांचागत विकास गाथा के केन्द्र में लोग होने चाहिए और भारत में यही कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, परिवहन एवं अन्यान्य क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं के विस्तार एवं उन्नयन के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि हम जलवायु परिवर्तन की चुनौती का भी सीधे मुकाबला कर रहे हैं। इसीलिए ग्लास्गो में पक्षकारों के सम्मेलन कोप-26 में हमने अपने विकास के प्रयासों के साथ साथ वर्ष 2070 में 'नेट ज़ीरो' यानी कॉर्बन उत्सर्जन शून्य के स्तर पर लाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि मानवीय क्षमताओं के अधिकतम इस्तेमाल के लिए अवसंरचनाएं जरूरी है। अवसंरचनाओं को नुकसान होने का मतलब है कि पीढ़ियों को नुकसान। उन्होंने कहा, आधुनिक प्रौद्योगिकी और ज्ञान हमारे पास है, क्या हम ऐसा टिकाऊ अवसंरचना बना सकते हैं जो दीर्घकाल तक चले ?

उन्होंने कहा कि सीडीआरआई का गठन दरअसल इसी चुनौती का जवाब है। उन्होंने कहा कि सीडीआरआई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्थानीय भाषाओं का संरक्षण सरकार व समाज का दायित्व : कोविंद

गुवाहाटी (वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कहा कि किसी भी स्थानीय भाषा का संरक्षण सरकार और समाज का दायित्व है।

श्री कोविंद ने यहां बोडो साहित्य सभा के 61वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने नयी शिक्षा नीति पर प्रमुखता से जोर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र की शांति और समृद्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

राष्ट्रपति ने कहा कि बोडो साहित्य सभा ने भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में बोडो भाषा को शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने युवाओं से स्थानीय भाषा को बढ़ावा देते तथा इसे और अधिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

महाराष्ट्र में विरासत की जंग

महाराष्ट्र में सत्ता पर काबिज महाअघाड़ी सरकार के खिलाफ लाऊड स्वीकर मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने जो हल्ला बोला है उससे वहां की राजनीति में भूचाल आ गया है। अजान और हनमान चालीसा को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहे है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे सरकार को अल्टीमेटम दिया हुआ था कि तीन मई के बाद यदि मस्जिदों से लाऊड स्पीकर नहीं हटाए गए तो मनसे कार्यकर्ता उसके सामने लाऊड स्पीकर से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। राज ठाकरे के आव्हान पर मुंबई से लेकर नासिक तक कई जगहों पर मस्जिदों के सामने मनसे कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर उद्धव ठाकरे सरकार को खुली चुनौती दी। महाराष्ट्र सरकार ने राज ठाकरे की धमकी को मद्देनजर रखकर पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए थे और कई मनसे कार्यकर्ताओं व नेताओं के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही भी की थी जिसकी वजह से मनसे का यह कार्यक्रम ज्यादा सफल नहीं हो पाया। अब राज ठाकरे को भी नोटिस दी गई है और उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है लेकिन राज ठाकरे अपने फैसले पर अड़िग है। दरअसल महाराष्ट्र में विरासत की लड़ाई चल रही है। शिवसेना के खिलाफ मनसे ने मोर्चा खोल रखा है और खुद को सच्चा हिन्दु बताने के लिए वे लड़ाई लड़ रहे है। इसी उद्देश्य से मनसे कार्यर्ताओं ने कई जगह शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का पुराना विडीयों चलाया जिसमें उन्होने मस्जिदों से लाऊड स्पीकर हटाने की बात कही थी। उन्होने घोषणा की थी कि यदि महाराष्ट्र में शिव सेना की सरकार बनी तो लाऊड स्पीकरों को हटा दिया जाएगा। उनके इसी बयान का प्रचार कर मनसे खुद को बाल ठाकरे का वास्तविक अनुयायी साबित करने की कोशिश कर रही है। मनसे की यह कोशिश शिव सेना को नागवार लग रही है यही वजह है कि शिव सेना के प्रवक्ता संजय राउत मनसे को लेकर लगातार विवादास्पद बयानबाजी कर रहे है। जिससे दोनों पार्टियों के बीच तनाव और बढ़ रहा है और शिवसेना में फूट पड़ने का खतरा भी मंडरा रहा है। यदि लाऊड स्पीकर के मुद्दे पर उद्धव ठाकरे सरकार का रवैया ऐसा ही ढुलमुल रहा तो मनसे को अपनी राजनीति चमकाने का और मौका मिल जाएगा जो आगे चलकर शिवसेना के लिए ही परेशानी का सबब बन सकता है। महाराष्ट्र की सियासत में बाला साहब ठाकरे परिवार के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकते हैं कि बिना विधायक, सासंद बने ही करीब चार दशकों से महाराष्ट्र की सियासत को यह परिवार प्रभावित कर रहा है। ठाकरे परिवार की सियासत हमेशा गैर मराठियों के खिलाफही घूमती रही. बाल ठाकरे के निधन के बाद उनके बेटे उद्धव ठाकरे और पोते आदित्य ठाकरे के हाथों शिवसेना की कमान संभाली है।

लघुकथा

मोदी की यूरोप-यात्रा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यूरोप-यात्रा बड़े नाजुक समय में हो रही है। वे सिर्फतीन दिन यूरोप में रहेंगे और लगभग आधा दर्जन यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलेंगे। वे जर्मनी और फ्रांस के अलावा डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड और फिनलैंड के नेताओं से भी भेंट करेंगे। उनके साथ हमारे विदेश मंत्री, वित्त मंत्री आदि भी रहेंगे। कोरोना महामारी के बाद यह उनकी पहली बहुराष्ट्रीय यात्रा होगी। एक तो कोरोना महामारी और उससे भी बड़ा संकट यूक्रेन पर रूसी हमला है। इस मौके पर यूरोपीय राष्ट्रों से संवाद करना आसान नहीं है, क्योंकि यूक्रेन-विवाद पर भारत का रवैया तटस्थता का है लेकिन सारे यूरोपीय राष्ट्र चाहते हैं कि भारत दो-टूक शब्दों में रूस की भर्त्सना करे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन देर लेयन ने भारत आकर बहुत कोशिश की वे भारत को अपनी तरफझुका सकें। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री दोनों ने स्पष्ट कर दिया कि वे रूसी हमले का समर्थन नहीं करते हैं लेकिन उसका विरोध करना भी निरर्थक होगा। अब मोदी की यूरोप-यात्रा के दौरान इस मुद्दे को उन राष्ट्रों के द्वारा बार-बार उठाया जाएगा लेकिन यह निश्चित है कि यूरोप के साथ बढ़ते हुए घनिष्ट आर्थिक और सामरिक संबंधों के बावजूद भारत अपनी यूक्रेन नीति पर टस से मस नहीं होगा। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत का यह सुदृढ़ रवैया इन यूरोपीय राष्ट्रों और भारत के बढ़ते हुए संबंधों के आड़े आएगा। फ्रांस के साथ भारत का युद्धक विमानों का बड़ा समझौता हुआ ही है। जर्मनी और फ्रांस दोनों ही यूक्रेन के तेल और गैस पर निर्भर हैं। अभी तक वे उसकी वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा जर्मनी के नए चान्सलर ओलफशोल्ज़ से भी मोदी की मुलाकात होगी। नोर्डिक देशों के नेताओं से मिलकर भारत के व्यापार को बढ़ाने पर भी वे संवाद करेंगे। पिछले दो-ढाई सौ वर्षों में लगभग सभी प्रमुख यूरोपीय राष्ट्रों ने सारे दक्षिण एशिया, खासकर भारत के कच्चे माल से अरबों-खरबों डॉलर बनाए हैं लेकिन आज इन सारे देशों का भारत के साथ सिर्फ2 प्रतिशत का व्यापार है। 180 करोड़ लोगों के बीच इतने कम व्यापार के कई कारण हैं लेकिन उसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमारे व्यापारी पूरी तरह अंग्रेजी पर निर्भर हैं। यदि इन देशों की भाषाएं वे जानते होते तो यह व्यापार 10-15 प्रतिशत आराम से फैल सकता है। यदि भारत और यूरोपीय देशों का राजनीतिक और सामरिक सहयोग बढ़ेगा तो उसका एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि अमेरिका और चीन की प्रतिद्वंदिता में भारत को किसी एक महाशक्ति या गुट के साथ नत्थी नहीं होना पड़ेगा।

गर्म हवा के थपेड़ों की मार झेलते देशवासी

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हमारे देश में ऋतुओं का जो संतुलित रूप था उसकी वजह से हर मौसम का अपना आनंद था। लेकिन प्रकृति पर किये गये अत्याचारों ने उस चक्र की गति को बिगाड़ दिया। जिसका दुष्परिणाम कहीं सूखा तो कहीं अति वृष्टि के रूप में सामने आने लगा है। इस साल अप्रैल खत्म होते तक गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। बिजली और पानी दोनों की किल्लत के साथ ही आसमान से बरसने वाली आग लोगों के तन और मन दोनों को झुलसाती रहेगी। हर साल इस तरह के हालात पैदा होने पर हम सब प्रकृति और पर्यावरण के साथ हुए खिलवाड़ की चर्चा करते हुए ये स्वीकार करने की ईमानदारी तो दिखाते हैं कि इस सबके लिए हमारे अपने कर्म ही जिम्मेदार हैं। लेकिन गर्मियां बीतते ही ये चिंता और चिन्तन दोनों अदालत की पेशियों की तरह आगे बढ़ जायेंगे। कहने को पूरी दुनिया पृथ्वी को बचाने के लिए प्रयासरत है।

इस साल देश में रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। तापमान का पारा सारे रिकार्ड ध्वस्त कर रहा है। लेकिन साल दर साल बढ़ता जा रहा तापमान जरूर चिंता और उससे भी ज्यादा चिंतन का विषय है। बीते दो-तीन दिनों से देश भर में ग्रीष्म लहर चल रही है। दर्जनों शहरों में तापमान 45 डिग्री से. तक जा पहुंचा है और कहीं- कहीं तो उससे भी ऊपर। मौसम विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि गर्मी का प्रकोप और तेज होगा। ज्यादातर राज्यों में हर बार की तरह इस साल जलसंकट की स्थिति भी बनी हुई है।

तेजी से विकसित होते शहर और पेड़ों की कटाई तापमान में वृद्धि के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। भारत में जहां पहले सर्दी के बाद वसंत आता था। वसंत के मौसम में तापमान हलका-हलका बढ़ता था। वसंत के बाद ही गर्मी आती थी. लेकिन पिछ्ले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि मौसम का जो परंपरागत बंटवारा था, वह खत्म हो रहा है और सर्दी के तुरंत बाद गर्मी आ रही है। इसी कारण भारत के कई शहर मार्च के महीने में लू के थपेड़ों का अनुभव कर रहे हैं।

वैश्विक परिस्थितियों ने कोयले की कमी पैदा हुई, नतीजतन बिजली का उत्पादन घटने से देश में बिजली की कटौती बनी हुई है। इस साल मार्च के महीने से ही तापमान बढने लगा था जिसकी वजह से गर्मियों में आने वाली सब्जियों और फलों की पैदावार पर भी विपरीत असर पड़ा। मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के मुताबिक ये हालात अनुकूल नहीं कही जा सकते।

तपती धूप और भीषण गर्मी से आम जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त है। इंसान ही नहीं पशु पक्षी गर्मी से बिलबिला उठे हैं। सुबह से ही कड़ी धूप होने के साथ लू चलने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। आसमान में सूरज तप रहा है तो सड़के गर्म तवे की तरह पैरों को झुलसा रही हैं। गर्म हवा के थपेड़ों से शरीर झुलस रहा है। मार्च अप्रैल में ही गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया था। आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ने की आशंका है।आम तौर से मई-जून में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होता है, लेकिन इस बार मार्च-अप्रैल में पुराने रिकार्ड टूट गये।

दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऑड-ईवन का तरीका लागू किया गया किन्तु वह भी जन सहयोग के अभाव में फुस्स हो गया। प्रति वर्ष सरकार करोड़ों वृक्ष लगाने का दावा करती है। समाजसेवी संस्थाएं भी इस अभियान में सहयोग करती हैं लेकिन शहरों की तो छोडिये अब तो ग्रामीण इलाकों तक में हरियाली लुप्त होती जा रही है। बढ़ती आबादी और प्रदूषण में निरंतर वृद्धि के अनुपात में जरूरी वृक्ष नहीं लगाये जाने से ही तापमान बढने की नौबत आ रही है। हालांकि जो नुकसान हो चुका उसकी भरपाई आसान नहीं है किन्तु ऐसा भी नहीं है कि सब कुछ खत्म हो गया हो। यदि आज भी हम अपनी जीवन शैली में थोड़ा सा बदलाव करते हुए भौतिक सुविधाओं को कुछ समय के लिए ही सही त्यागने की मानसिकता विकसित कर लें तो जो शेष है कम से कम वह तो नष्ट होने से बचेगा और तब हमें भावी सुधार के अवसर आसानी से मिल सकेंगे। नदियों में प्रवाहित की जाने वाली पूजन सामग्री ही बंद कर दी जाये तो उसके चमत्कारिक परिणाम आ सकते हैं।

वैसे इसमें कुछ नया नहीं है क्योंकि तापमान में वृद्धि का सिलसिला साल दर साल इसी तरह चला आ रहा है। दुनिया भर में इसे लेकर चिंता व्याप्त है। पृथ्वी को गर्म होने से बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय भी हो रहे हैं। कोयले के साथ ही पेट्रोल-डीजल के उपयोग को कम करने की दिशा में जोरदार प्रयास भी जारी हैं। लेकिन मैदानी इलाकों में पडने वाली गर्मी तो फिर भी समझ में आती हैं परन्तु अब तो पहाड़ी स्थलों पर भी पंखे और कूलर नजर आने लगे हैं। शिमला में जल संकट की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पहाड़ी क्षेत्रों का वातावरण तेजी से बदल रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लेशियर पिघलने की वजह से पहाड़ों से निकलने वाली सदा नीरा नदियों के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। छोटी नदियों में तो ग्रीष्म ऋतु के दौरान कीचड़ तक नहीं रहता। भूजल स्तर गिरते जाने से मानव निर्मित तालाबों और कुओं आदि में भी जल की उपलब्धता घटते-घटते उनके सूखने तक की नौबत आने लगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गर्मी बढ़ते ही देशभर में जल संकट भी पैदा हो चुका है। शहर-शहर से ऐसी खबरें लगातार आ रही हैं जिनसे पता चलता है कि जीवन के लिए सबसे आवश्यक तत्व पानी की कमी से देश कैसे जूझ रहा है।

हमारे देश में ऋतुओं का जो संतुलित रूप था उसकी वजह से हर मौसम का अपना आनंद था। लेकिन प्रकृति पर किये गये अत्याचारों ने उस चक्र की गति को बिगाड़ दिया। जिसका दुष्परिणाम कहीं सूखा तो कहीं अति वृष्टि के रूप में सामने आने लगा है। इस साल अप्रैल खत्म होते तक गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। बिजली और पानी दोनों की किल्लत के साथ ही आसमान से बरसने वाली आग लोगों के तन और मन दोनों को झुलसाती रहेगी। हर साल इस तरह के हालात पैदा होने पर हम सब प्रकृति और पर्यावरण के साथ हुए खिलवाड़ की चर्चा करते हुए ये स्वीकार करने की ईमानदारी तो दिखाते हैं कि इस सबके लिए हमारे अपने कर्म ही जिम्मेदार हैं। लेकिन गर्मियां बीतते ही ये चिंता और चिन्तन दोनों अदालत की पेशियों की तरह आगे बढ़ जायेंगे।

कहने को पूरी दुनिया पृथ्वी को बचाने के लिए प्रयासरत है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए समझौते और संधियां हो रही हैं। ऊर्जा के ऐसे वैकल्पिक स्रोत तलाशे जा रहे हैं जिनसे तापमान को बढने से रोका जा सके। वृक्षारोपण के सरकारी और गैर सरकारी अभियान भी निरंतर चलते रहते हैं। जल संरक्षण और संवर्धन के लिए भी हरसंभव कोशिश हो रही है। नदियों के साथ ही तालाबों आदि के जीर्णोद्धार की पहल भी सुनाई और दिखाई देती है।

एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का जलवा

योगेश कुमार गोयल

रवि ने 2015 में 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सल्वाडोर डी बाहिया में विश्व जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। 2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे। उस चैम्पियनशिप में वह भारत का एकमात्र पदक था। बहरहाल, टोक्यो ओलम्पिक में रवि भले ही स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया था और अब एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि उनके इरादों में कितना दम है।

पिछले दिनों मंगोलिया में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 17 पदक जीते। चैंपियनशिप में अपनी-अपनी श्रेणियों में बजरंग पूनिया ने रजत पदक, गौरव बालियान ने रजत पदक, नवीन तथा सत्यव्रत कादियान ने कांस्य पदक जीते लेकिन सबसे बड़ा कारनामा किया टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने। रवि ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके इरादों में कितना दम है। रवि ने शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता के बूते कजाकिस्तान के रखत कालजान के खिलाफशानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए रवि ने पहले पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में जापान के रिकुतो अराई को हराया और उसके बाद मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि रवि ने अपने सभी मुकाबलों में शुरूआत में बढ़त गंवा दी थी लेकिन शानदार तरीके से वापसी करते हुए पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। फाइनल मुकाबले में रखत कालजान ने उन्हें काफी समय तक कोई अंक नहीं लेने दिया था लेकिन अपनी चिर-परिचित शैली के अनुरूप रवि ने मुकाबले पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया और लगातार 6 'टू-प्वाइंटर' हासिल किए, साथ ही स्वयं को 'लेफ्ट-लेग अटैक' से भी बचाया, जिससे मुकाबला दूसरे पीरियड के शुरू में ही समाप्त हो गया और भारत ने 2022 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक रखत कालजान को 12-2 से हराते हुए अपने नाम किया।

गौरतलब है कि रवि ने इससे पहले 2020 में दिल्ली में और 2021 में अलमाटी में भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और इस चैंपियनशिप में इस बार उन्होंने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक भारत के नाम किया है। कोई भी भारतीय फ्री स्टाइल पहलवान अभी तक ऐसा कारनामा नहीं कर सका है और रवि लगातार तीसरी खिताबी

जीत दर्ज कराने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं। इस साल फरवरी में डान कोलोव स्पर्धा में रजत पदक जीतने के बाद रवि का इस सीजन का यह दूसरा फाइनल था। इससे पहले 5 अगस्त 2021 को टोक्यो में 'खेलों के महाकुंभ' में शानदार प्रदर्शन करते हुए रवि रजत पदक जीतने में सफल रहे थे। हालांकि रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चैम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7-4 से हारने के बाद उनका वह सपना चकनाचूर हो गया था। अभी तक कुश्ती में कोई भी भारतीय पहलवान ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है। हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी इसीलिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान बने थे और रेसलिंग में भारत का वह केवल छठा पदक था। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे।

भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था। सुशील कुमार के बाद ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले रवि दूसरे भारतीय पहलवान बने थे। ओलम्पिक के सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढ़ीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग हर बच्चा कुश्ती में अपने हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उफ्फये गर्मी और

उफ्फ ये गर्मी और दिनरतिया बत्ती गुल फिर भी आता हैं बिजली का बिल पुल की तरह नींद आता ही नहीं मानो मासुका सी हो गई हैं बिजली कब रूठती और मानती हैं समझने को लगा दिया तीन साल झारखंड सरकार ने वादों के पुल झारखंड सरकार ने भी कम न बान्धे थे उफ्फये गर्मी हाय ये गर्मी। – **सोनू कुमार आकाश**

व्यवहार व्यक्तित्व

व्यवहार व्यक्तित्व का आइना है पर ऊटपटांग कपड़े लोगों की सवालिया नजरों के घेरे में जरुर ला देते होंगे फिर भी लोग नहीं समझते वस्त्र कोई भी बुरा नही होता पर उसमें शालीनता हो कुछ लोगों के कपड़े देख कर ऐसे लगता है कि उनके अन्दरूनी अंग अगल बगल से निकल भागने को आतुर हों।

– **सुनिता पुष्पराज**

खास पाती | वो लड़की बर्तनों को मांझते हुए

वो लड़की बर्तनों को मांझते हुए कई बार देखा उसे पहाडा दोहराते पोछे के पानी में ढूंढती वह इतिहास के सन माँ फिर बीमार पड़ी है इसलिए वो काम पर आई है, उसके नन्हे हाथों ने सशक्तिकरण की पताका उठाई है,, झाड़ू बर्तन कटके को बाराखडी बनाकर दिनभर दोहराती है, शाम पड़े बंद बस्ता लिए घर को लौट जाती है,, विवश माँ, कल फिर कुछ रुपयों के लिए रैली में जायेगी , 'महिला सशक्त' हो नारा लगायेगी इसका अर्थ यही कि, लड़की को कल फिर काम पर जाना है , और, भविष्य कि सारी संभावनाओं पर कस कर पोछा लगाना है। – **नम्रता सरन सोना**

खांटी वामपंथ अच्छी मोटी



खांटी वामपंथ अच्छी मोटी तनख्वाह लेना,एयर कंडीशन में बैठ कर बाहर के मौसम की चिंता करना और उस पर लिखना सबसे बड़ा अतिवाद, झूठ, पाखंड और लफ़्फ़ाज़ी है ,आदमी मंदिर नहीं जाता तो मस्जिद जाता है, मस्जिद नहीं तो चर्च, चर्च नहीं तो गुरुद्वारे, वहां नहीं तो जिनालय और कहीं नहीं जाता यह कहता है तो वो एकदम दरिद्र है विचारों से,संस्कृति से और सोच से, वो अंदर से खोखला है, क्योंकि वो बिना जड़ों का है, और खोखली चीजें अधिक शोर करती है। अधिक बजबजाती है। – **आशा पाण्डेय ओझा**

तप्त तृषित धरती अंगारा उन्मत्त रवी

तप्त तृषित धरती अंगारा उन्मत्त रवी क्रोध अपारा नीर रहित जलाशय धारा अग्नी वर्षण ग्रीष्म आवारा प्रलय प्रकोप भीषण महामारी आतंकित जन-जन नर-नारी शंकित मन , उत्तेजित मानव कुण्ठित समाज आपदा भारी त्राही त्राही जन जीवन धरणी पशु पक्षी वन जीवन हरणी रौद्र रुप प्रकृति शिव धारण मृगतृष्णा , प्रकट भव सावन। – **शिखा लाहिरी**

संभवतः यदि मैं तुमसे मिल

संभवतः यदि मैं तुमसे मिल पाती तो शायद मैं खो गई होती स्वयं से, उचित ही हुआ कि हम मिलें नहीं ये मिलन मैं टालती हूँ अब भाग्य पर कि तुम मिलने की व्याकुलता लिए मुझे बुलाओ और हम मिलकर एक जहां देखें, तुम मिलोगे मुझे ये पता नहीं अभी लेकिन तब तक के लिए मैं स्वयं को खोजूंगी। – **पुष्प त्रिपाठी**

दोस्त सफलता और असफलता

दोस्त सफलता और असफलता जीवन का अभिन्न हिस्सा है / सफलता पर मगरूर और असफलता पर मायूस न हो !! असफलता सच्चे शिक्षक के समान होती है ,इनसे सीख लें तो ये हार को जीत में बदलाने का रास्ता दिखलाती। – **राज चुन्नी शर्मा**

पेट्रोल बढ़गे मिट्टी तेल बढ़गे

पेट्रोल बढ़गे,मिट्टी तेल बढ़गे बढ़गे तेल अउ दार कका तोला धन्य हवय बोरे बासी खवा के कर हमर उद्धार कर हमर उद्धार अब्बड़ दिन म छत्तीसगढिया राजा मिलिस हमन पक्का आगू बढ़बो बोरे बासी खा-ख्वा के नवा छत्तीसगढ़ गढ़बो? दुकालू कका उवाच – **शत्रुंजय तिवारी**

ऋतुराज मदन हरसाया जब शिव

ऋतुराज मदन हरसाया जब शिव पर वाण चलाया क्रोधित शंकर की आँखें रतिपति ज्यों विस्मय भाँपें क्रोधित शिव शम्भु भयंकर तप भंग मदन लखि शंकर तीसर शिव नेत्र उघारा तब काम भयो जल छारा रोती तत्क्षण रति आयी विनती शिव के मन भायी श्राप अटल है हमारा साधन वश ताहि सहारा ये चंचल चितवन तेरी असहज भावों की चेरी मन मयखाने की देरी लगती है प्रीति घनेरी कैसा यह प्रणय तुम्हारा मैं आया हारा हारा मैनें मैं को जब त्यागा तब प्रेम पथिक मन जागा।–**राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी**

QUIZ TIME

1) भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम कब प्रारम्भ हुआ था? (क) 1960 (ख) 1962 (ग) 1965 (घ) 1969

2) संयुक्त राष्ट्र ने किस भारतीय को 'सासाकावा पुरस्कार-2019' से सम्मानित किया है?

3) हैली का धूमकेतु अंतिम बार दिखाई दिया था वर्ष - (1982 / 1986)

4) वन्देमातरम योजना का संबंध किससे है?

5) महल का नाम बतायें जो त्रिपुरा के रूद्रसागर झील में स्थित है?

उत्तरमाला- (1) 1962 (2) डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा (3) 1986 (4) गर्भवती महिलाओं (5) नीरमहल

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1479- सिखों के तीसरे गुरू अमरदास का जन्म। 1818- महान विचारक, इतिहासकार और अर्थशास्त्री कार्ल मार्क्स का जन्म। 1821- चर्च के वर्चस्व को ढहाने और यूरोप को विज्ञान और बहुसंस्कृति की ओर मोड़ने वाले नेपोलियन का निधन। 1916- पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का जन्म। 1961- अमेरिका के पहले अंतरिक्ष यात्री कमांडर ऐलन शेपर्ड अपने अंतरिक्ष यान से अटलांटिक महासागर में उतरे। 1980- लंदन में स्थित ईरानी दूतावास को एसएएस कमांडो ने कुछ हमलावरों के कब्जे से आज़ाद कराया गया। 1984- फूदोरजी आक्सीजन के बिना माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले पहले भारतीय बने। 1988- महान क्रांतिकारी त्रिलोकीनाथ चक्रवर्ती का जन्म। 2005- ब्रिटेन में लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2006- प्रसिद्ध संगीत निर्देशक नौशाद अली का निधन। 2010- आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से नयी पीढ़ी के उच्च क्षमता वाले साउंडिंग रॉकेट को परीक्षण उड़ान पर भेजा गया। 2010 : सर्वोच्च न्यायालय ने संदिग्ध अपराधियों पर किए जाने वाले नारको एनालिसिस, ब्रेन मैपिंग अथवा पोलीग्राफ टेस्ट जैसी जांच को अस्वीकार कर दिया और इसे निजी स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन बताया। 2017 : इसरो ने दक्षिण एशिया उपग्रह को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।

माटी पूजन, अक्ती तिहार का विरोध भाजपा का छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा माटी पूजन और अक्ती तिहार का विरोध भाजपा का छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इसके पहले जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिक दिवस के दिन श्रमिकों के सम्मान में बोरे बासी खाने का आव्हान प्रदेश की जनता से किया था तब भी भारतीय जनता पार्टी ने बोरे बासी खाने का माखौल उड़ाया था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य की संस्कृति, तीज त्योहारों, परंपरा स्थानीय बोली भाषा को बढ़ावा देने के लिये प्रयास कर रहे है। तीजा पर छुट्टी, तीजा पोला, हरेली, कमरछठ का मुख्यमंत्री निवास सहित शासकीय स्तर पर आयोजन कर छत्तीसगढ़िया त्योहारों का मान बढ़ाया है। राम वन गमन पथ और माता कौशल्या मंदिर के निर्माण से छत्तीसगढ़ की वैभवशाली आध्यात्मिक परंपरा पुर्नजीवित हुई। विश्व आदिवासी नृत्य महोत्सव, आदिवासी साहित्य सम्मेलन का आयोजन कर कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राचीन आदिवासी संस्कृति को देश दुनिया के सामने लाकर गौरवान्वित करने का काम किया है। भाजपा को इस बात की पीड़ा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण का जो काम भूपेश बघेल कर रहे वह भारतीय जनता पार्टी 15 साल तक नहीं कर पाई। भाजपा ने राज्योत्सव के आयोजन पर करोड़ों रु. खर्च किया लेकिन तब सलमान खान, करीना कपूर बुलाये जाते थे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन ही इसलिए हुआ है कि छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की पुर्नस्थापना की जा सके, छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके और छत्तीसगढ़िया हितों का संरक्षण किया जा सकें। यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि ये सारे काम राज्य बनने के 18 वर्षों बाद शुरू हो सका है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने प्रदेश में 15 वर्षो तक राज किया, लेकिन छत्तीसगढ़िया हितों का संरक्षण करने के बजाय छत्तीसगढ़ियों के दमन में लगी रही। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री और माटी पुत्र भूपेश बघेल जब छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, सभ्यता और संस्कार को बढ़ावा देने के साथ राज्य के मूल निवासियों के स्वाभिमान को जगा रहे हैं तो अपने आप भाजपा की पोल खुल रही है, जिससे छत्तीसगढ़ विरोधी मानसिकता के भाजपा नेता और उनके दुमछल्ले तिलमिला रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अक्ती के दिन माटी पूजा न केवल छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति का अहम हिस्सा है, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। अब जब छत्तीसगढ. के सारे तीज-त्योहारों को प्रतिष्ठा मिल रही है, तो भाजपा के नेताओं को इस बात की खीझ हो रही है, कि सत्ता में रहते हुए वे अपनी सरकार से ये सब काम क्यों नहीं करा सके। दरअसल भाजपा और उनकी सरकार की कमान संभालने वालों का राज्य की परंपरा और संस्कृति से कोई वास्ता नहीं रहा और उनके दुमछल्लों की इतनी औकात कभी नहीं रही कि वे उनके सामने राज्य की हितों की बात उठा सकें।

अपनी इसी कमजोरी को छिपाने के लिए अब भाजपा का समूचा नेतृत्व राज्य सरकार की खोखली आलोचना करने में जी-जान से जुटा हुआ है। लेकिन राज्य की जनता भाजपा की विधवा प्रलाप को बेहतर तरीके से समझती बूझती है।

भाजपा के पास अभी भी वक्त है, कि वे छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान बढ़ाने वाली राज्य सरकार के लोकप्रिय कार्यक्रमों एवं योजनाओं का समर्थन करके अपने पुराने पाप को धो सकते हैं।

जनता ने भाजपा को 15 साल दिए तब लूट में लगे रहे: धनंजय

■ अब बूथ में 20 घण्टा में बिताने से पाप कम नही होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के बड़े नेताओं के बूथ में 2 दिन और 20 घंटा समय देने के कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जब जनता ने रमन भाजपा को 15 साल दिया तब उसके बदले में जनता को भाजपा की वादाखिलाफी कुशासन भ्रष्टाचार कमीशनखोरी प्रशासनिक अराजकता और दमनकारी नीतियों का शिकार होना पड़ा था। उस दौरान सत्ता के अहंकार में ग्रसित भाजपा सरकार के मठाधीश नेता किसान मजदूर महिलाएं युवाओं की आवाज को सुनने के बजाये हिटलरशाही रवैया अपनाते थे।छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति परंपरा तीज त्यौहार रहन-सहन खान-पान को दरकिनार किया गया था। जिसका ही परिणाम है 15 साल के सत्ता के बाद भाजपा 15 सीट में सिमट गई और आज विधानसभा के उपचुनाव के बाद 14 सीट में है।भाजपा सरकार के मठाधीश नेता सत्ता के नशे में इतने मदमस्त थे की उन्हें न तो जनता की आवाज सुनाई पड़ती थी न ही कार्यकर्ताओ की। अब जब सत्ता से बेदखल हो गए तब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय को बूथ के जनता और कार्यकर्ताओ की सुध आ रही है बूथ में दो दिन 20 घण्टा बिताने जा रहे है उससे रमन सरकार के 15 साल के पाप कम नही होंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बूथ में जा रहे भाजपा के नेताओं में यदि सच सुनने की साहस होगी तो उन्हें मोदी सरकार के द्वारा जनता के साथ हुई वादाखिलाफी पर चर्चा करना चाहिए। बूथ की जनता आज भी अच्छे दिन की बाठ जोह रही है। युवा 2करोड़ रोजगार मिलने का आस लगाये बैठे है। पेट्रोल डीजल 35 रु लीटर सस्ती दर में रसोई गैस और महंगाई से मुक्ति की मांग कर रहे है।किसान आय दुगुनी होने और स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य का इंतजार कर रहे हैं मोदी ने बड़े-बड़े मंचों से जो विदेश से काला धन लाकर 15-15 लाख रुपए खाते में आने सब्जबाग दिखाए थे वो तो पूरा नही हुआ बल्कि जनता नोट बंदी के चलते उपजे संकट से आज भी जूझ रही हैं कई सिलेब में लगाई गई जीएसटी के चलते व्यापार व्यवसाय तबाही की ओर है रोजगार मिलना दूर की बात 23 करोड़ हाथों से रोजगार छीना गया है जनता इस पर जवाब चाहती हैं उम्मीद है बूथ में जा रहे हैं भाजपा के नेता जनता के सवालों से भागेंगे नहीं और जवाब पूरा देंगे।

विष्णुदेव आदिवासी विरोधी साजिश का हिस्सा बन गए : मरकाम

■ रमन राज में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे थे तब विष्णुदेव साय सहित भाजपा के आदिवासी नेता मौन थे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि रमन राज में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे थे तब विष्णुदेव साय सहित भाजपा के आदिवासी नेता मौन थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय भाजपा की आदिवासी विरोधी राजनीति के मोहरे बन गए हैं। भाजपा उनका इस्तेमाल आदिवासियों को गुमराह करने के लिए कर रही है। वे आदिवासी समाज के हितों पर विचार करने की बजाय भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के दलदल में फंस गए हैं इसलिए उन्हें कांग्रेस सरकार द्वारा आदिवासी समाज के हित और आदिवासियों के जीवन में खुशहाली के लिए किये जा रहे काम दिखाई नहीं दे रहे। आदिवासियों में भ्रम फैला कर उन्हें भड़काने की भाजपा की साजिश कभी सफल नहीं हो सकती।

आदिवासी समाज जानता है कि उसके हित कांग्रेस की सरकार में ही सुरक्षित हैं। भाजपा ने सत्ता में रहते हुए 15 साल तक आदिवासी को आदिवासी से लड़ाया। आदिवासियों का शोषण किया। उनका उत्पीड़न किया। उनकी जमीन छीनी। बेकसूर आदिवासियों को जेल में ठूंसा। तब विष्णुदेव साय कहां थे? कभी आदिवासियों के अधिकार की बात करने की नैतिकता क्यों नहीं दिखाई? रमन राज में ताडमेटला, सारकेगुड़ा जैसी दुर्दांत घटनायें हुई मीनाखल्को, मडकम हिडमा अमानवीय क्रूर हत्याकांड हुआ तब क्यों मौन थे? भाजपा के राज में बेतहाशा धर्मांतरण हुआ, तब विष्णुदेव साय के मन में आदिवासी प्रेम क्यों नहीं जागा? अब जबकि धर्मांतरण का एक भी प्रमाण भाजपा नहीं दे पा रही है तो विष्णुदेव साय को आदिवासियों को बरगलाने के काम पर लगाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के आदिवासी समाज की बेहतरी और आदिवासी क्षेत्रों के विकास का बीड़ा उठाया है उनकी आर्थिक सामाजिक शैक्षणिक उन्नति की योजना बनी है तो भाजपा को इसलिए कष्ट हो रहा है कि आदिवासियों के सामने भाजपा बेनकाब हो गई है।

आदिवासी समाज भाजपा की असलियत समझ चुका है इसलिए आदिवासी बहुल बस्तर में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। भाजपा अब अपनी साजिशी फितरत के तहत आदिवासियों को अशांति के रास्ते पर धकेल रही है। राज्य में कहीं कोई जबरिया धर्मांतरण का सवाल ही नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सर्व धर्म समभाव का प्रशासन चला रहे हैं। भाजपा नफरत की राजनीति से बाज नहीं आ रही है।

बृजमोहन ने दी कंकाली तालाब सौंदर्यीकरण की सौगात

■ 1 करोड़ 38 लाख में मिलेगा तालाब को प्राचीन वैभव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कंकाली तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 38 लाख के कार्यो का भूमिपूजन किया।

श्री अग्रवाल ने भूमिपूजन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सभी को अक्षय तृतिया एवं परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि कंकाली तालाब का सौन्दर्यीकरण आपके दम पर हो रहा है। आपने जो मुझे ताकत दी है, उसके बदौलत यह कार्यसम्पन्न होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंकाली तालाब का पुरातन एवं ऐतिहासिक महत्व है। इस सौंदर्यीकरण से तालाब को उसका प्राचीन वैभव लौटाया जाएगा। इसके सौंदर्यीकरण में धौलपुरी पत्थरों की पिचिंग का काम किया जाएगा, इसके साथ ही तालाब के चारों ओर वॉक-वे और स्थाई लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसे प्राचीन वास्तु के अनुरूप ही विकसित किया जाएगा। उन्होंने तालाब सौंदर्यीकरण के लिए सभी वार्ड वासियों को बधाई दी।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मूलचंद महोबिया पिता स्व. धनीराम महोबिया निवासी ग्राम पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1109/1 रकबा 0.0230 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दुर्गाबाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती देविकारानी कोसरिया आ. ध.प. लक्ष्मण सिंह कोसरिया साकिन नेहरू नगर पूर्व भिलाई द्वारा ग्राम असरनारा प.ह.नं. 15 रा. नि. मं. दुर्ग-01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 159 रकबा 0.220 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता अश्वनी चन्द्राकर आ. सोनउराम से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202204100700260//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओंकार प्रसाद देवांगन पिता स्व. दौवाराम देवांगन निवासी ग्राम डुन्डेरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 327/1, 1356/2 रकबा 0.3100, 0.0800 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दैवाराम देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जामा बाई साहू पिता/पति कृपाराम साहू निवासी रासमड़ा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पति कृपराम के नाम पर ग्राम गनियारी प.ह.नं.4 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 725/4 रकबा 0.03 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार कृपाराम साहू की मृत्यु दिनांक 11/4/22 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रवि प्रसाद आ. नरेन्द्र प्रसाद साकिन शिवाजी नगर खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम असरनारा प.ह.नं. 15 रा. नि. मं. दुर्ग-01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 279 का टुकड़ा रकबा 6350 वर्गफीट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता अश्वनी चन्द्राकर आ. सोनउराम से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार पटेल आ. श्री कन्हैया साकिन मठपारा लखोली राजनांदगांव द्वारा ग्राम असरनारा प.ह.नं. 15 रा. नि. मं. दुर्ग-01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 277 का टुकड़ा रकबा 0.590 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता अश्वनी चन्द्राकर व लुकेश कुमार साहू आ. सोनउराम व मंगलू से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जामा बाई साहू पिता/पति कृपाराम साहू निवासी रासमड़ा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पति कृपराम के नाम पर ग्राम रसमड़ा प.ह.नं.5 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 715/1, 732/1, 935/1, 1036/1 रकबा कुल 0.4600 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार कृपाराम साहू की मृत्यु दिनांक 11/4/22 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

छग आधुनिकता में समेटे है प्राचीनता का गौरव

- परशुराम की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण, महाआरती में शामिल हुए सर्व समाज के लोग

बेमेतरा/नवप्रदेश। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शहर के परशुराम चौक में विधायक आशीष छाबड़ा और किसान नेता योगेश तिवारी ने ब्राम्हणों के ईष्ट देव परशुराम की करीब 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद अतिथियों और समाज के लोगो ने भगवान परशुराम की महा आरती की। इसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम बाजार पारा स्थित हनुमान मंदिर से फूलों से सजे वाहन में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित कर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के मुख्य चौक चौराहों से भ्रमण करते हुए यात्रा परशुराम चौक पर समापन हुआ। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारा से माहौल भक्तिमय हो गया।

परशुराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

मुख्य यजमान जितेंद्र शुक्ला एवं वीरेंद्र शर्मा द्वारा पंडित कमलेश तिवारी एवं पंडित संदीप त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विधि विधान से पूजा संपन्न कराया गया। महाआरती में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। सनातन संस्कृति में अक्षय तृतीया का दिन को अति महत्वपूर्ण माना जाता है । वेदों के अनुसार आज के दिन सतयुग का अंत एवं त्रेता युग का आरंभ हुआ था। आज के दिन भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था।

परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। परशुराम को हिंदू धर्म के सात अमर लोगों में से एक माना जाता हैं। परशुराम ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की थी। जिसके बाद उन्हें वरदान के रूप में एक फरसा मिला था। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय शर्मा, प्रणीष चौबे, अखिलेश तिवारी, सनत धर दीवान, कन्हैया दुबे, रमेश तिवारी, लोकेश्वर शुक्ला, रामानंद त्रिपाठी, धनेश्वर पांडे, युगल किशोर तिवारी, जय पाण्डेय, धनेश्वर शर्मा, नंदू पांडे, भावेश शर्मा, विवेक तिवारी, राम विशाल, मिश्रा, हिरेंद्र मिश्रा, सुयश तिवारी, आशीष तिवारी, हर्ष तिवारी, अविनाश तिवारी, शिशिर दुबे, बबलू शर्मा, मनोज दुबे, योगेश मिश्रा, अजय मिश्रा, सिद्धांत तिवारी, पीयूष शर्मा, शिवम तिवारी, वैभव मिश्रा, वतन मिश्रा, प्रतीक दुबे, वैभव तिवारी, मृत्युंजय दुबे, रजत दुबे, नेहा शर्मा, अनिल दुबे, अमन शर्मा, सिद्धार्थ तिवारी, सत्यम शर्मा, विक्की चौबे, ममता शुक्ला, लक्ष्मी दुबे, आरती पांडे, माया पांडे, सुनीता तिवारी समेत ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने किया गांवों का निरीक्षण, खाद बीज की उपलब्धता व स्कूलों की ली जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेने कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने जिले के विकासखण्ड बेरला के ग्राम-देवरी, बारगांव, आनंदगांव, कुसमी, बहेरा एवं विकासखण्ड मुख्यालय बेरला तथा साजा विकासखण्ड के देवकर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक धमेंन्द्र सिंह भी कलेक्टर के साथ मौजूद थे। आने वाले खरीफ सीजन के मद्देनजर सेवा सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का भण्डारण किया जा रहा है। कलेक्टर ने किसानों को उनकी मांग के अनुरुप खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

चावल की गुणवत्ता परखी

गोदाम में रखे चावल की गुणवत्ता की जानकारी ली। कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त रुप से बेरला पुलिस थाना के निकट ग्राम बहेरा की शासकीय भूमि में वृक्षारोपण नर्सरी में अवैध कब्जे का मुआयना किया और अवैध कब्जा हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्राम पंचायत बहेरा (कुसमी) के सरपंच रामसिंह गायकवाड़ ने बताया गया कि नर्सरी में एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है।

खाद्यान्न सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने इन गांवों में खाद गोदाम एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान आदि के भण्डारण कक्ष की जानकारी ली, और खाद्यान्न को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने सेवा सहकारी समिति आनंदगांव एवं कुसमी में एक निजी कम्पनी के पेस्ट फर्टीलाइजर के गोदाम में पाये जाने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए तत्काल हटाने के निर्देश दिए अन्यथा संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। कलेक्टर ने ग्राम देवरी, कुसमी, आनंदगांव, बारगांव के गोदाम का निरीक्षण किया और भण्डारण कक्ष मे भण्डारित किये गये चावल, नमक, शक्कर आदि की जानकारी ली।

स्कूलों में भी पहुंचे कलेक्टर

जिलाधीश ने बेरला के हायर सेकण्डरी स्कूल व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्कूल का प्रथम तल का निर्माण 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित डीईओ ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन 15 जून से किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों के बैठक व्यवस्था, ग्रीन बोर्ड, टेबल, लाईट व पंखा आदि सभी की व्यवस्था स्कूल प्रारंभ होने से पहले 15 जून तक पूर्ण कर ली जाये। देवकर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल को भी 15 जून तक रंगरोगन, साफ -सफाई, लाईट, पंखा की फिटिंग करने के निर्देश दिए।

विधायक ने गौठान में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया

खरोरा/नवप्रदेश। धरसीवां विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत कुर्रा और निलजा के गौठान में आज अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस रूप में मनाया और साथ मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया और समस्त नागरिकों को शपथ दिलाई और गौठान में बनी खाद को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने और धरती माता की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की शपथ दिलाई और गोठान में महिला समूह के उत्पादित सामान खरीदा और लोगों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का आह्वान किया। मशरूम उत्पादन की सराहना की। इस अवसर पर धरसीवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने कहा अक्ती तिहार हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। आज के दिन बहुत ही शुभ मुहूर्त होता है और पौराणिक परंपराओं के अनुसार आज के दिन विवाह या अन्य कोई भी शुभ कार्य चालू करने से बहुत ही शुभ माना जाता है जिसको देखते हुए आज हम अक्षय तृतीया को माटी पूजन दिवस के रूप में पूरे प्रदेश भर में हर जगह मना रहे हैं और इससे एक नई संस्कृति का शुरुआत होगी।

महानदी के निसदा बैराज से कोडार जलाशय तक पानी लाने सर्वे की तैयारी

- क्षेत्र के 51 गांवों में पांच हजार 218 हेक्टेयर में होगी सिंचाई

महासमुंद/नवप्रदेश। महानदी के निसदा बैराज से कोडार जलाशय तक पानी लाने के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर सर्वे के लिए तैयारी शुरू हो गई है। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र के 51 गांवों में पांच हजार 218 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने इस प्रोजेक्ट के संबंध में जल संसाधन विभाग के अफसरों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश सरकार ने महानदी में निसदा बैराज से कोडार उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत 13500 लाख का बजट में प्रावधान किया गया है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से क्षेत्र के 51 गांवों में पांच हजार 218 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। प्रोजेक्ट को लेकर संसदीय सचिव चंद्राकर ने जल

संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर विश्वकर्मा से आवश्यक जानकारी ली। जिस पर कार्यपालन अभियंता श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इसके लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। सर्वे के बाद डीपीआर तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट से कोडार जलाशय में पर्याप्त पानी भर जाएगा। जिससे खरीफव रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इसी तरह उन्होंने बताया कि कोडार वृहद परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर के कौंदकेरा वितरक नहर और उनके तीन माइनर नहरों का रिमाडलिंग एवं लाइनिंग कार्य तथा पक्के कार्यों के मरम्मत के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्राक्कलन बनाकर मुख्य अभियंता को प्रेषित किया गया है। इसी तरह केशवा नाला में भी केशवा एनीकट निर्माण के लिए प्रांक्कलन बनाकर राज्य शासन को भेजा गया है। संसदीय सचिव ने विभागीय मद से नहर लाइनिंग कार्यो की भी ली जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि कोडार जलाशय परियोजना के दायीं तट नहर प्रणाली के परसाडीह वितरक नहर की पिरदा माइनर, परसाडीह माइनर व मालीडीह सबमाइनर का जीर्णोद्धार व सीसी लाइनिंग, कोडार परियोजना के अंतर्गत चिंगरौद वितरक नहर का लाइनिंग कार्य, बम्हनी वितरक नहर लाइनिंग कार्य, पासीद जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य, बगनई व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य के नवीनीकरण, लोहारडीह जलाशय एवं नहर लाइनिंग कार्य, केशवा व्यपवर्तन योजना की नहरों का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य व कछारडीह जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य प्रगति पर है।

विशेष न्यायालय पोक्सो का पदभार लेने पर अधिवक्ताओं ने जताया हर्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ भाटापारा द्वारा किरण त्रिपाठी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विशेष न्यायालय पोक्सो में कार्य भार ग्रहण करने एवं श्री रोजमीन राजेश खाखा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भाटापारा, शीलू सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक के स्थानांतरण होने पर नए न्यायाधीश के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर अधिवक्ता संघ भाटापारा द्वारा स्वागत कार्यक्रम अधिवक्ता संघ कक्ष मे रखा गया, जिसमें शेख अशरफ अतिरिक्त जिला एवं सत्र

न्यायाधीश भाटापारा, किरण त्रिपाठी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो भाटापारा, रोजमीन राजेश खाखा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भाटापारा उपस्थित रहे। व्यवहार न्यायालय भाटापारा में विशेष न्यायालय पोक्सो प्रारंभ होने से भाटापारा से आम जनता व पक्षकारों मे खुशी देखने को मिली। व्यवहार न्यायालय भाटापारा में व विशेष न्यायालय पॉक्सो दिए जाने पर अधिवक्ता संघ भाटापारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

परशुराम जयंती पर निकली बाइक रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान परशुराम की जयंती पर मंगलवार को ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। तरेंगा रोड स्थित यज्ञ स्थल के समीप से सैकड़ों बाइक के साथ विप्रजनों ने भगवान परशुराम के जयघोष के साथ रैली निकाली जो शहर के विभिन्न मार्गो, चौक चौराहों से होते श्री रामनाम सप्ताह मंडप पर आकर सम्पन्न हुई। रैली में शामिल विप्रजनों का जगह-जगह पर पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई थी। रामसप्ताह मंडप पहुंचने पर भगवान श्री परशुराम की भव्य संगीतमय आरती हुई जिसमें सभी वर्ग के ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

युकां के प्रदेशाध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रत्याशी प्रचार में जुटे

देवभोग/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चुनाव तिथि की घोषणा के बाद 9 प्रत्याशियों के बीच सुगबुगाहट तेज हो गई। इसके मद्देनजर एनएसयूआइ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने गरियाबंद जिला का दौरा कर चुनावी प्रचार का शंखनाद शुरू कर दिया है। जबकि बाकी 8 प्रत्याशी ने अब तक जिला के अलावा देवभोग पर दस्तक भी नहीं दी है। ऐसे में आकाश शर्मा को लेकर युवाओं के बीच काफी रुझान देखने को मिल रहा है। 12 मई से 12 जून तक 18 से 35 वर्ष के युवाओं को डिजिटल सदस्य बनाने के साथ अपने पक्ष में वोट डलवाना है। मतलब पहली बार लोकतंत्र तरीके युवा अपने मत से यूवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश महासचिव के लिए मतदान करेंगे। इसके मद्देनजर प्रतियाशियों ने युवाओं के बीच प्रचार शुरू कर दी है। इसी तर्ज पर बीते मंगलवार एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने देवभोग पर चुनाव प्रचार करने पहुंचे। जिनसे मेल मुलाकात के लिए ब्लॉक के सैकड़ों युवाओं ने विश्रामगृह पर अपना मौजूदगी दर्ज कराया। इस बीच युवाओं को संबोधन करते हुए कहा कि यह

चुनाव में कोई मन मुटाव नहीं है। बल्कि प्रदेश के लाखों युवाओं को एक सूत्र में बांधकर राजनीति में अपनी भूमिका निभाने का मौका दे और हमने हर हाल में युवाओं के साथ कंधे से कंधा काम किया है और आगे मिलकर बिंद्रानवागढ़ एवं महासमुन्द लोकसभा सीट से बीजेपी को मुक्त कराने का भरोसा दिलाया। युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव में इस बार साइलेंट युवा काफी अहम भूमिका निभाएंगे इस बीच प्रत्याशियों को भी आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता है। क्योंकि पहले की तुलना अब युवा कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए 50 रुपए निर्धारित किया है। प्रचार कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, संदीप सरकार गौरव शुक्ला, केशू सिन्हा उमेश डोंगरे,तरुण नागेश, छायासन बीसी के अलावा अन्य मौजूद रहे।

आत्मानंद स्कूल में भर्ती के लिए उमड़ने लगी भीड़, लॉटरी सिस्टम से होगा चयन

बोड़ला/नवप्रदेश। नगर और ब्लॉक मुख्यालय में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यमिक स्कूल में प्रवेश के लिए भीड़ उमड़ने लगी नए सत्र में प्रवेश के लिए 16 सौ से अधिक प्राप्त हुए हैं। बता दें कि छग शासन की महत्वकांक्षी योजना आत्मानंद इंग्लिश मध्यम स्कूल को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है पिछले शिक्षा सत्र से प्रारंभ किए गए स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कक्षा एक से 12वीं तक की जानी है जिसके लिए प्रत्येक कक्षा में 40-40 सीटें निर्धारित की गई हैं।

352 रिक्त सीट पर दिया जाएगा प्रवेश

नगर से संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में 352 रिक्त सीटों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को वरीयता दी जाएगी। विद्यालय प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार पहले 40 सीटों पर भर्ती की जानी थी लेकिन सरकार ने इसकी लोकप्रियता को देखते हुए 10 सीटों की वृद्धि की थी जिससे अब 1 से 12 तक 50 -50 सीट बढ़ा दी गई है जिसके लिए हजारों की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा पहली में 390 दूसरी में 114 तीसरी में 109 चौथी में 126 पांचवी में 141 छठवीं में 146 सातवीं में 84 आठवीं में ध्यान दें 9वी में 115 दसवीं में 53 11वीं में 40 व 11वीं 12वीं कॉमर्स बायो मैथस को लेकर 8 सहित कुल 1422 आवेदन 4 तारीख तक प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 352 रिक्त सीटों के लिए 1422 आवेदन आ चुके हैं।

1422 आवेदन मिले

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला में ऑनलाइन ऑफ लाइन आवेदन प्रवेश के लिए 4 मई की स्थिति में 1422 आवेदन जमा किए गए हैं जिसमें कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर सभी कक्षाओं के प्रवेश हेतु के लिए आवेदन जमा किए गए थे। चयन के लिए जिलाधीश कबीरधाम के द्वारा लाटरी पद्धति से प्रवेश दिए जाने का आदेश दिया है। निर्धारित तिथि के बाद जिला कार्यालय कबीरधाम से कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर प्रवेश हेतु कक्षा वार लॉटरी के माध्यम से 10 मई को 12 बजे संबंधित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रबंधन समिति के सदस्य कलेक्टर प्रतिनिधि अनुभाग अधिकारी राजस्व तहसीलदार व संबंधित विकास खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूर्ण किया जाना है। इसमें पालकगण भी उपस्थित हो सकते हैं।

नपं अध्यक्ष कुर्सी बचाने में कामयाब

कवर्धा/नवप्रदेश। पांडातराई नगर पंचायत के अध्यक्ष फिरोज खान अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो गए। नपं में कुल 15 पार्षद हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने पर अपनी कुर्सी बचाने के लिए फि रोज को 6 पार्षदों की आवश्यकता थी। 15 पार्षदों में

वोटिंग के बाद 9-6 की स्थिति बनी जिसके बाद अध्यक्ष ने अपनी कुर्सी बचा ली। अपनी जीत के बाद अध्यक्ष फिरोज खान ने कहा ''यह जीत विकास की है, विश्वास की है। जीत के बाद अपने अध्यक्ष को उनके पक्ष के सभी कार्यकर्ता बधाई देते हुए नजर आए, नगर पंचायत के इस अविश्वास प्रस्ताव के परिणाम को लेकर जिले वासियों की नजर बनी हुई थी। पांडातराई में नगर पंचायत की सत्ता पर कांग्रेस बहुमत के साथ काबिज हुई थी।15 में से 9 वार्ड पर कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए थे। अब उन्हीं पार्षदों की नाराजगी का सामना अध्यक्ष को करना पड़ा था। पांडातराई नपं अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने में सफल हुए।

आज कलेक्टोरेट का घेराव करेगी जोगी कांग्रेस, अमित जोगी भी होंगे शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला के विभिन्न समस्याओं को लेकर जोगी कांग्रेस द्वारा आज कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। जिला प्रवक्ता हिमांशु महोबे ने बताया कि जिला में आदिवासी वर्ग की समस्या, किसान की समस्या, मजदूर की मांग, युवाओं को रोजगार, शराबबन्दी, कवर्धा लोहारा बस स्टैंड प्रारम्भ करने, प्रधानमंत्री आवास प्रारम्भ करने, सुतियापाट नहर विस्तार, सिटी बस चालू करने, पट्टा दिलवाने, अवैध कटाई, अवैध खनन पर कार्यवाही कराने, सुदूर क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के साथ नल जल योजना प्रारम्भ कराने, शक्कर कारखाना के समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को लेकर घेराव किया

जाएगा। जिसमें जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, विधायक दल के नेता धर्मजीत सिंह, बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में होगा। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कार्यक्रम में सभी विंग के कार्यकर्ताओं को शामिल होने की अपील की है।

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20220521500003
अ/6 वर्ष 2021-2022 ग्राम भाटापारा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राधेश्याम साहू पिता बुद्धेलाल साहू जाति तेली निवासी संतकंवर राम वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 120/9 रकबा 0.0140 हे. याने 1375 वर्गफुट परिवर्तित लगान 63.00 रुपए के खातेदार शांतिदास गुप्ता पिता/पति हितेन्द्रनाथ दास गुप्ता की मृत्यु दिनांक 05.04.2022 को होने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा-इच्छापत्र दिनांक 17.02.2012 के अनुसार मृतक खातेदार शांतिदास गुप्ता पिता/पति हितेन्द्रनाथ दास गुप्ता के स्थान पर वसीयतग्रहिता राधेश्याम साहू पिता बुद्धेलाल साहू जाति तेली का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 18/5/2022 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 18/5/22 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 2/5/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 21/22-23
वार्ड का नाम- काली माता वार्ड-11

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कालीमाता वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ J00305 शक्ति नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री धर्मपाल ठुकराल s/o मोहनलाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती विमला ठुकराल D/o स्व. मोहनलाल ठुकराल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202204112500054
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
आरंग प.ह.नं. 00054(3478/2/क/1(0.0360 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - राजेश कुमार,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार गुप्ता पिता स्व. ललित मोहन गुप्ता निवासी महावीर नगर पुरैना, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम आरंग स्थित खसरा नं. 3748/2/क/1 शीट क्रमांक 12 भूखंड क्रमांक 31/2 कुल क्षेत्रफल 3915 वर्गफीट खातेदार ललित मोहन पिता लखन लाल गुप्ता के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार ललित मोहन पिता लखनलाल गुप्ता का निधन दिनांक 26/12/2003 को हो चुकी है। भूमि स्वामी के द्वारा अपने जीवनकाल में आवेदक के पक्ष में एक अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित की गई है। अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति करना हो तो दिनांक 12/05/2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार एवं सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 25/04/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 18/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ मेसनेट-10 सेक्टर-1 शंकर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सी.पी. लता पति स्व. एम.आर. आनंद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अमित गोइल पिता स्व. रवि कुमार गोइल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 20/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ एलआईजी-100 सेक्टर-02 जो कि निगम अभिलेख में श्री ओमप्रकाश उपाध्याय s/o स्व. बबईराम उपाध्याय के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मिलनचंद गाईन पिता स्व. मनोरंजन गाईन रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी खिलौरा, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-297, श्रीमती अर्पणा मिश्रा पति श्री हिमांशु कुमार मिश्रा, के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 286 दिनांक 28.06.2016 के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 23.06.2017 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती अर्पणा मिश्रा पति श्री हिमांशु कुमार मिश्रा, निवासी ब्लाक नं. 10 फ्लैट नं. 219, हाउसिंग बोर्ड कालोनी कचना रोड खम्हारडीह रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रानू पति श्री उमेश कुमार तांडिया, निवासी वार्ड नं. 08, पंडकुरी पोस्ट दर्री, पेण्ड्रा रोड गौरेला, बिलासपुर 9छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करना चाहती है। विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रानू पति श्री उमेश कुमार तांडिया के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यता नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

सर्व व्यापी व सर्व स्पर्शी हो बूथ इकाई : शिवरतन

भाजपा के शक्ति केंद्र व सोशल मीडिया प्रभारियों की हुई बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा के चारों मंडलों के शक्ति केंद्र प्रभारी एवं विस्तारकों तथा सोशल मीडिया प्रभारियों की संयुक्त बैठक भाजपा कार्यालय में विधायक शिवरतन शर्मा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर एवं प्रदेश झुग्गी झोपड़ी संघ के सहसंयोजक संजू नारायण सिंह तथा बालोद जिला पंचायत के सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुष कहे जाने वाले स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित उक्त कार्यक्रम करने का उद्देश्य संगठन के शिल्पी जिन्होंने ताउम्र पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में लगा दी और जिनका मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से गहरा नाता था तथा यहां महामंत्री संगठन प्रभारी भी थे जिनका छत्तीसगढ़ में लगातार प्रवास होता था जो कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50 कार्यकर्ताओं को नाम से जानते थे उनके सम्मान में प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि हमारे प्रमुख कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में जाकर अपने कार्यकर्ताओं से मिले तथा पार्टी की योजनाओं विशेषकर केंद्र की मोदी सरकार के 8 वर्ष तथा डॉ रमन सिंह के 15 साल शासन के दौरान प्रदेश की जनता की की गई सेवाओं एवं वर्तमान में भूपेश सरकार की द्वारा इन चार वर्षों के दौरान हुई नाकामियों को जनता के बीच ले जाना है। इस दौरान आपको मतदाता सूची का भी अध्ययन करना है और उसमें जिन युवाओं का नाम सूची में नहीं है उसे भी नोट करें ताकि समय आने पर उनका नाम हम जुड़वा सके बूथ की इकाई सर्वव्यापी एवं सर्व स्पर्शी हो तथा मतदान केंद्रों को इकाई बनाकर हमें पन्ना प्रमुख भी बनाना है तथा अपने साथ पार्टी द्वारा दी गई प्रचार सामग्री को प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रत्येक घरों में जवाबदारी के साथ बांटना हैं। साइबर सेल के प्रमुख युवा नेता संजू नारायण सिंह ने कहा कि जैसे कि अब के युद्ध तलवार, लाठी, भाले से ना होकर परमाणु बम तक आ पहुंचा है वैसे ही प्रचार तंत्र भी अब समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया तक पहुंच चुका है आप सभी युवा कार्यकर्ता गण सोशल मीडिया से जुड़े ही हुए हैं आप सब पार्टी की विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाएं एवं शक्ति केंद्रों में प्रचार प्रसार के दौरान सोशल मीडिया के कार्यकर्ता गण पार्टी के विस्तार को के साथ रहे एवं प्रत्येक मतदान केंद्र के कार्यकर्ताओं का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एक एडमिन भी बनावे एवं लगातार उनसे संपर्क में रहें और इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ नेताओं को भी देते जावे आने वाले चुनाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।

महापौर ने किया उद्यान निर्माण के लिए भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा देशमुख द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज के सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में जीई रोड अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के पास रिक्त शासकीय भूमि में उद्यान निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, जिला योजना समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद अमीन हुड्डा एवं पूर्व पार्षद माया शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों के द्वारा पावर हाउस रोड का नामकरण भगवान श्री परशुराम के नाम पर परशुराम मार्ग करने की मांग महापौर से किया गया। मेयर ने परशुराम जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि सामाजिक बंधुओं के मनोरंजन के लिये 5 लाख रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिये आज भूमिपूजन किया गया है। उद्यान में फैसिंग, पाथवे, लॉन, बैठक व्यवस्था, विद्युत कार्य आदि किया जायेगा। साथ ही कलश का निर्माण कर कलस में परशुराम जी का शस्त्र फरसा का निर्माण भी किया जायेगा। उन्होंने पावर हाऊस रोड का नामकरण परशुराम मार्ग करने की मांग पर कहा कि इस संबंध में अतिशीघ्र नगर निगम में प्रक्रिया कर नामकरण किया जाएगा। इस अवसर पर लव मिश्रा, रमेश पटाक, शशिकांत अवस्थी, कचरू शर्मा, संजय मिश्रा, सुनील बाजपेयी, अजय शुक्ला, शैलेश शुक्ला, उपेन्द्र बाजपेयी, शरद तिवारी, अम्लेन्दू हाजरा, संजीव मिश्रा, राकेश ठाकुर, सहित सर्व ब्राम्हण समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन को दुरूस्त कराकर पुलिस ने लौटाया

बेमेतरा/नवप्रदेश। 16 फरवरी की मध्य रात्रि पशु तस्करों द्वारा ट्रक में मवेशियों को भर कर देवरबीजा से बेरला की ओर ले जा रहे थे। इस पर बेरला पुलिस द्वारा पशु तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान तस्करों द्वारा प्रयुक्त वाहन से मंत्रीदास भरती 51 साल का स्कार्पियो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। कार्यवाही के दौरान संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उक्त क्षतिग्रस्त स्कार्पियो वाहन को दुरूस्त कराकर वाहन स्वामी को प्रदान करने हेतु पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल व थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देशित किया गया। बेमेतरा पुलिस द्वारा आपसी सहयोग से वाहन स्वामी मंत्रीदास भरती निवासी श्यामपुर कांपा थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा को उसका क्षतिग्रस्त स्कार्पियो वाहन को दुरूस्त कराकर लौटाया गया।

डॉ विकास आडिल का सुहेला में राज्यपाल ने किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के मृदभाषी सेवाभावी चिकित्सक डॉ विकास आडिल का उनके चिकित्सीय कार्य के लिए ग्राम सुहेला में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76वां महाअधिवेशन में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस द्वार सम्मान किया गया। डॉ विकास आडिल ने पूरे कोरोना कॉल के दौरान अपनी पूरी चिकित्सीय टीम के साथ लोगों की चिकित्सीय सेवा की। सेवा के दौरान उन्होंने ना केवल अपने संस्थान में बल्कि प्रशासन द्वारा बनाये गए कोविड सेंटर में भी पहुंचकर अपनी सेवा भावना का जीवंत उदाहरण पेश किया और व्यवहार भाषा शैली की भी लोगो ने कंठमुक्त होकर सराहना की थी। एमएस होने के बाद संभवतः सामाजिक स्तर पर सुहेला में हुए इस बड़े आयोजन में डॉ विकास आडिल को कोरोना वारियर्स के रूप में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने हाथों से उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

महिला एवं पुरुष की ससमान भागीदारी से समाज उन्नति करेगा : रमेश बैस

भाटापारा/नवप्रदेश। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस सुहेला में आयोजित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76वें राजअधिवेशन शामिल हुए। समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा व अर्जुनी राज प्रधान भुनेश्वर वर्मा द्वारा राज्यपाल को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्री बैस ने उपस्थित सामाजिक बंधुओं को संबोधित किया कि समाज का उत्थान सामाजिक जीवन मे महिला एवं पुरुष की समान भागीदारी से होगी। समाज की उन्नति तभी होगा जब महिलाए आगे आएंगी। उन्होंने पुराने समय में सामाजिक बैठक के संबंध में कहा की समाज की बैठक रात्रि में महिलाओं के बिना होती थी। अब समय बदला है और आज हम महिलाओं को साथ में लेकर आगे बढ़ रहे है। इसमें और सुधार की आवश्यकता है। समाज में शिक्षा के साथ संस्कार, परंपरा और संस्कृति को बनाये रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने वरिस्थ समाज सेवी डॉ के के नायक सहित समाज के प्रतिभाशाली और सहयोग करने वाले सामाजिक बंधुओ और बहनों को सम्मानित किया। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ में बोरेबासी के पुनः चालू किये जाने पर कहा कि पुरानी खानपान व्यवस्था को पुर्नजीवित करना काबिले तारीफ है। हम भी बोरेबासी के साथ दही डाल कर व अचार के साथ खाते है। आज पुनः शुरुआत हो रही है तो अच्छी बात है। इसके पूर्व जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर डोमनसिंह व एसपी दीपक झा द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल और जनक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके पूर्व बोरेबासी दिवस पर सामाजिक बंधुओं ने बोरेबासी भी खाया और इसे एक लुप्त होती हमारी परंपरा को पुनः जीवित करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

100 सालों में पहली बार बैजी में हुआ भागवत कथा का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। कवर्धा-जबलपुर एनएच पर स्थित बेमेतरा विधानसभा के बैजी गांव में भागवत कथा का आयोजन हुआ। यूं तो प्रदेश के सभी गांवों में कभी न कभी ग्रामवासी अपने पूर्वजों या प्रियजनों की स्मृति में उनके देवलोकगमन के बाद उनकीं आत्मा की शांति और मोक्ष की मान्यता से भागवद कथा का आयोजन करना हिन्दू रीति रिवाज का अंग रहा है, परंतु ग्राम पंचायत बैजी के बुजुर्गों और ग्रामीणों की माने तो इस गांव में पहली बार भागवत का 7 दिवसीय आयोजन हुआ। गांव के सरपंच सजेंद्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को बताते हैं बचपन से ध्यान है और उनके दादा परदादा भी बताते आये हैं आजादी ही नहीं लगभग 100/200 सालों में या कहें जब से गांव बना है कभी इस गांव में भागवत का आयोजन किसी भी घर मे कभी भी नहीं कराया गया, यह पहला अवसर है जब गांव में भागवत कथा का आयोजन हुआ है और ग्रामीणों ने कथा सुनी, यू तो दूसरे गांवों में या अन्यत्र आयोजनों में भागवत सुनने का सौभाग्य मिला, पर अपने ही गाँव मे पूरी याददास्त में यह पहला आयोजन हैं। वृन्दावन से आये कथा वाचक मनोज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि व्यास पीठ पर बैठते ही कथा वाचक वैष्णव हो जाता है और कथा का रसपान वैष्णव श्री मुख से करने से ही भगवान श्री विष्णु की कृपा बरसती हैं। भगवान विष्णु ने कहा है नाम बैराग्य दस विप्राणाम, कर्म बैराग्य शताणी च, त्याग बैराग्य ममो देही, ज्ञानं बैराग्य ममो दुर्लभः, अर्थात मुझे भी दुर्लभता से प्राप्त होते हैं। अंतिम दिन जब भगवान विष्णु का सहस्त्र धारा जलाभिषेक हुआ उसी समय होने वाले आकाशीय वर्षा से महिलाओ में खुशी की लहर दौड़ गई, मानो पूरे गांव को भगवान ने आचमन कर दिया हो। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने सफ ल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि भगवत कथा का श्रवण लाभ लेने वाले भक्तों इस कथा के सार को जीवन मे उतारना है, गीता से बड़ा कोई ज्ञान नहीं, कोई पथ प्रदरसक नहीं, जीवन का प्रादर्श है गीता, महिलाओं ने अंतिम दिन पूरे गांव में कलश यात्रा निकाल फेरी लगाया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा के भजन प्रस्तुति की ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से सराहना कर झूम उठें। भागवताचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री ने कहा माता सरस्वती वरदान आपके कंठ में है, भजन गायन कभी बंद न करें।

अवैध रूप से गांजा बेच रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा निजात अभियान अंतर्गत अवैध नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु दिये निर्देश पर एएसपी संजय महादेवा के दिशा-निर्देश एवं सीएसपी गौरव राय व निरीक्षक अलेक्जेंडर किरो थाना प्रभारी कोतवाली के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चिखली शक्ति सिंह के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। निजात के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान गौरीनगर वार्ड नंबर 13 में अवैध रूप से गांजा बिक्री होने की सूचना पर अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहे रजिया बेगम पति अब्दुल जलील 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 गौरी नगर चौकी चिखली थाना कोतवाली को अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करते हुए पकड़ा गया।

यूपी में शर्मा कांग्रेस के जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

भाटापारा/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने भाटापारा के कांग्रेस नेता सुशील शर्मा को उत्तर प्रदेश राज्य में कांग्रेस संगठन चुनाव कराने हेतु जिला ओरिया का जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। श्री वर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम व राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी समेत अन्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुये बताया कि 7 मई को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश के सभी नव नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में शामिल होने सुशील शर्मा 6 मई को लखनऊ रवाना होंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नारायणपुर में पुलिस-नक्सलियों ...

के आसपास जंगलों में माओवादियों की पीएलजीए कंपनी नंबर 6 से मुठभेड़ हो गई। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक दोनों ओर से फायरिंग हुई है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक सालिक राम मरकाम को गोली लग गई और मुठभेड़ स्थल पर ही वे शहीद हो गए।

कोरोना संक्रमण के ...

जबकि एक और मरीज की मौत के बाद मृतकों की संख्या 26,176 हो गयी है।

हरियाणा में भी सक्रिय मामले 93 और बढ़कर 2,594 हो गये हैं। इस दौरान 412 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 9,80,718 हो गयी जबकि मृतकों का आंकड़ा 10,619 पर स्थिर है। केरल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 35 घटकर 2,744 हो गए हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 302 बढ़कर 64,70,418 हो गयी जबकि मृतकों की संख्या में 29 की बढ़ोतरी होने से यह आंकड़ा 69,112 पर पहुंच गया है।

भतीजे के मुंडन में यूपी...

अंनत को हल्दी लगाई। करीब 12 बजे तक मुंडन संस्कार संपन्न हो गया। इसके बाद मेहमानों ने अंनत को गिफ्ट देने शुरू कर दिये।

दोपहर एक बजे मेहमानों के लिये भोजन परोसना शुरू कर दिया गया। जिसमें अरहर, उड़द की दाल, आलू-गोभी, चौलाई की सब्जी, रायता, छोले, हलवा, अरसे और पकौड़े,चटनी भी परोसी गये। करीब डेढ़ बजे योगी आदित्यनाथ ने अपने परिजनों के साथ कमरे में भोजन किया।

इसके बाद घर में ही उनका जनता दरबार भी लगा। जहां लोगों ने क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत कराया। बीती मंगलवार रात करीब 11 बजे तक सीएम योगी आदित्यनाथ अपने परिजनों के बीच रहे। रात्रि दस बजे के आसपास भोजन किया। भोजन में दाल,रोटी,सब्जी,खीर और पकौड़ी चटनी के साथ परोसी गई।

जिसके मेहमानों के साथ परिवार के लोगों ने चाव से खाया। इस दौरान पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत, शिक्षामंत्री धन सिंह रावत, यमकेश्वर विधायक रेणू बिष्ट के साथ ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख दिनेश भट्ट एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

छग में 8 मई तक...

बरसात की वजह से प्रदेश का मौसम एक महीने पहले जैसा हो गया है। कहीं भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं हुआ है।

बुधवार दोपहर बाद तक तेज धूप रहा। करीब 3 बजे से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में अंधड़ उठा। उसके साथ गरज-चमक के साथ बरसात भी शुरू हो गई। कोरिया और पेण्ड्रा रोड में ठीकठाक पानी बरसा है। संभाग के कुछ अन्य जिलों में बूंदाबादी की सूचना है। कई गांवों-कस्बों में पेड़ की डालियां टूट गई हैं। इसकी वजह से बिजली बाधित हुई।

मौसम विभाग ने रायपुर में भी अंधड़ और हल्की बरसात की संभावना जताई है। इसकी वजह से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का तापमान सामान्य हो गया है। बुधवार शाम 4 बजे रायपुर का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस है। बिलासपुर में 39.4 डिग्री सेल्सियस, दुर्ग में 37.3, अंबिकापुर में 36.6 और पेण्ड्रा रोड में 29.8, राजनांदगांव में 35.7 और जगदलपुर में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

8 मई तक अंधड़ और बरसात की चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा मौजूद है। वहीं पंजाब से बांग्लादेश तक एक द्रोणिका भी विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका भी पूर्वी विदर्भ से अंदरुनी तमिलनाडु तक स्थित है। इनके प्रभाव से पांच मई को छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर अंधड़ भी चल सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि इसमें 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

अभी लू से राहत मिलेगी

बताया जा रहा है, अभी हुई बरसात और हवाओं की वजह से लू के थपेड़ों से राहत मिलेगी। पांच मई को भी अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं बन रही है। मौसम विभाग ने 8 मई तक अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

विकास की गाथा...

का विस्तार हो रहा है और इसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने द्वीपीय देशों की टिकाऊ अवसंरचना की पहल तथा विश्व के 150 हवाईअड्डों पर सीडीआरआई के काम का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अवसंरचनाओं के आपदा में टिकाऊपन को लेकर एक वैश्विक अध्ययन से वैश्विक ज्ञान भंडार तैयार होगा।

श्री मोदी ने कहा, हमें अपने भविष्य को टिकाऊ बनाने के लिए टिकाऊ अवसंरचनाओं के लिए काम करना होगा। टिकाऊ अवसंरचना आने वाले समय की प्रमुख आवश्यकता होगी। यदि हम टिकाऊ अवसंरचनाएं बना पाये तो आपदाओं से ना सिर्फ हम बच पाएंगे बल्कि आने वाली पीढ़ियों को बचा पाएंगे।

स्थानीय भाषाओं का...

जीवंत बनाने के लिए साहित्यिक गतिविधियों में सहभागिता की अपील की।

उन्होंने कहा कि असम में 35 लाख से अधिक लोग बोडो भाषा बोलते हैं और इसे सहयोगी भाषा के रूप में मान्य किया गया है। उन्होंने कहा, बोडो समाज से मेरा पुराना नाता है। राज्यसभा सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने हमेशा बोडोलैंड के मुद्दे पर चर्चा की थी। उन्होंने अन्य भाषाओं की किताबों का बोडो भाषा में अनुवाद किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

NOTICE U/S-72 OF INDAN PARTNERSHIP ACT-1932

It is hereby notified that, the constitution of the Partnership Firm M/s KALPTARU MINERALS of Durg (C.G.) vide Registration No. 72/2010-11, Date of Registration 30/04/2010 has underground of following changes :-

1) Mr. Yash Meshram S/o Late Shri Yuvraj Meshram has been added as new partner in the Partnership Firm w.e.f. 01/04/2022.
2) After addition of new incoming partner, Firm will carry on smooth functioning with three partners, as below mentioned:-

Name of Partners	Status
Mr. Prashant Wahane	Existing Partner
Miss Shikha Meshram	Existing Partner
Mr. Yash Meshram	Incoming Partner w.e.f. 01/04/2022

M/s KALPTARU MINERALS
Prashant Wahane
(Partner)

Place : Durg
Date 04/05/2022

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बलरामपुर-रा. गंज (छ.ग.)

क्रमांक/540/एनएचएम/एचआर/2022, बलरामपुर, दिनांक 02/05/2022

संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर के विज्ञापन क्रमांक/1843/एनएचएम/ एचआर/2021 बलरामपुर दिनांक 09/07/2021 के माध्यम से संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण किए जाने हेतु सपोर्ट स्टाफ (हाऊस कीपिंग स्टाफ), सेक्यूरिटी गार्ड, सचिविक सहायक, आयुष चिकित्सा अधिकारी (RBSK) प्रोग्राम एसोसिएट (DPHN) क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, टेक्निकल असिस्टेंट हियरिंग इम्पेयरड चिल्ड्रन (NPPCD), टेक्निकल असिस्टेंट आडियोमेट्रिक (NPPCD), लैब टेक्निशियन एवं काउंसलर के अभ्यर्थियों का विज्ञापन अनुरूप वांछित योग्यता के दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र/ अपात्र सूची प्रकाशित किया जा रहा है। यदि किसी अभ्यर्थी को उक्त डाटा में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो कार्यालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर में उपस्थित होकर/पत्र के माध्यम से संलग्न आवेदन प्रपत्र (दस्तावेज संलग्न) के माध्यम से दावा-आपत्ति **दिनांक 12/05/2022 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.30 बजे के मध्य** आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर-रा.गंज के सूचना पटल एवं बलरामपुर जिला के वेबसाईट www.balrampur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बलरामपुर जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

संवाद-32363/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- कांकेर
Phone No- 07868-241213 Email id- ee-reskanker@gov.in
// मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना //

क्रमांक/05/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23 कांकेर, दिनांक 02/05/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति जोनल निविदा दिनांक 10.05.2022 शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम तृतीय बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 11.05.2022 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 10.00 लाख तक लागत के भवन/रंगमंच नाली/आहाता/पुल/पुलिया एवं अन्य प्रकार के र्मिाण कार्य में (विद्युतीकरण कार्य छोड़कर) जनपद पंचायत- भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ कोयलीबेड़ा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)	प्रत्येक जनपद पंचायत रु. 20.00 लाख

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.10 एवं 2.13) व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट नन से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- कांकेर

जी-90823/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.
-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- कांकेर जिले में निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज कार्य।

निविदा क्रमांक	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	योजना का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत रु. लाख में
37/02.05.2022	98588	शाहवाड़ा (द्वितीय आमंत्रण)	चारामा	86.54
38/02.05.2022	98227	भानबेड़ा, सेलेगांव कोरर	भानुप्रतापपुर	17.82
39/02.05.2022	98229	जामडी, केंवटी, साल्हे	भानुप्रतापपुर	18.18
40/02.05.2022	98239	जुनागावडेगांव	कोयलीबेड़ा	20.92
41/02.05.2022	98327	कुर्री	भानुप्रतापपुर	16.22
42/02.05.2022	98340	पाण्डरपुरी	भानुप्रतापपुर	17.64
43/02.05.2022	98360	पुसावाही, कोतुल बचेली, कोतुलबेड़ा	कोयलीबेड़ा	28.11
44/02.05.2022	98366	सरगीकोटा	कोयलीबेड़ा	9.81
45/02.05.2022	98390	बिनायकपुर	भानुप्रतापपुर	16.61
46/02.05.2022	98559	इन्द्रप्रस्थ	कोयलीबेड़ा	18.04
47/02.05.2022	98561	मरदा, मुरावण्डी	कोयलीबेड़ा	21.38

निविदा की सामान्य शर्तें एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। उक्त निविदा को दिनांक 20.05.2022 से 26.05.2022 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी-90839/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

'कॉफी विद करण' शो का अब नहीं आएगा नया सीजन

मुंबई (वार्ता)। फिल्म निर्देशक करण जौहर ने बुधवार को एलान किया कि वह अब 'कॉफी विद करण' शो का नया सीजन लेकर नहीं आएंगे।

करण जौहर ने कहा, कॉफी विद करण शो मेरे और आपके जीवन का एक अहम हिस्सा रहा है। इसके छह सीजन ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

फिल्म निर्देशक ने अपने इंस्ट्राग्राम एकाउंट पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, ÷ हेलो, कॉफी विद करण मेरी और आपकी जिंदगी का अहम हिस्सा रहा है। शो के छह सीजन तक सबका मनोरंजन किया गया। इस शो ने पॉप संस्कृति में प्रभाव डाला है और अपनी जगह बनाई है। भारी मन के साथ कहना पड़ रहा है कि अब कॉफी विद करण का नया सीजन नहीं आएगा। कॉफी विद करण शो के अभी तक छह सीजन आ चुके हैं, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है।

नेटफ्लिक्स पर 11 मई को रिलीज होगी विजय की 'बीस्ट'

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता तलापति विजय और अभिनेत्री पूजा हेगड़े की फिल्म 'बीस्ट' 11 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को 13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नेटफ्लिक्स इंडिया ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी देते हुए कहा,÷ बीस्ट 11 मई को तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। ÷ फिल्म 'बीस्ट' को नेल्सन दिलीप कुमार ने निर्देशित किया है। फिल्म में इसमें अभिनेता विजय और अभिनेत्री पूजा हेगड़े के अलावा सेल्वाराघवन, सतीश, वीटीवी गणेश, अपर्णा दास, योगी बाबू और रेडिन ने भूमिका निभाई है।

माधवी मुखर्जी को अस्पताल से छुट्टी मिली

कोलकाता (वार्ता)। ख्यातिलब्ध फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'चारुलता' की शीर्षक भूमिका को अपने संवेदनशील अभिनय के जरिए जीवंत करने वाली बंगला फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री माधवी मुखर्जी के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर।

पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ रही माधवी को बुधवार को यहां अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उन्हें कमजोरी, एनीमिया और उच्च मधुमेह की शिकायत पर गत 29 अप्रैल को कोलकाता के वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल के प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुपाली बसु ने बताया कि माधवी का स्वास्थ्य अब बेहतर है तथा उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। डॉ बसु ने बताया कि हालांकि उपचार के दौरान माधवी के पित्ताशय में पथरी पाये जाने की रिपोर्ट मिली है, जिसके लिए बाद में उनके ऑपरेशन की जरुरत पड़ेगी।

माध्वी ने अपने सात दशक के करियर में विभिन्न बंगाली फिल्मों में कई महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

धाकड़ का नया गाना 'शी इज ऑन फायर' कल होगा रिलीज

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'धाकड़' का नया गाना 'शी इज ऑन फायर' गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसमें दर्शकों ने कंगना को स्पाई एजेंट के किरदार में काफी पसंद किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर शेयर करते हुए कहा कि फिल्म का नया गाना 'शी इज ऑन फायर' पांच मई को आने वाला है।

कंगना रनौत ने लिखा, आग इतनी भीषण और भयानक है कि उसे फायर ब्रिगेड भी नहीं बुझा सकते। 'शी इज ऑन फायर' गाना कल आएगा। इस टीजर में कंगना, अर्जुन रामपाल और बादशाह दिख रहे हैं, जिसे बादशाह ने गाया है। इस फिल्म को रजनीश राजी घई ने निर्देशित किया है, जिसमें कंगना एक स्पाई एजेंट का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कैटरीना बनी मेडिमिक्स का ब्रांड अंबेसडर

नई दिल्ली (वार्ता)। आयुर्वेदिक पर्सनल केयर ब्रांड मेडि?मिक्स ने अभिनेत्री कैटरीना कैफ को अपना ब्रांड अंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि मेडिमिक्स पिछले 50 वर्षों में 'प्राकृतिक तरीके से त्वचा की देखभाल' का पर्याय बनकर आगे बढ़ा है। अपनी पोजीशनिंग ÷तेजी से काम करने वाले आयुर्वेद से त्वचा को स्वस्थ बनाएं'' के साथ इस ब्रांड का लक्ष्य ऐसे युवाओं तक पहुँचना है, जो क्षमता या प्रभाव से समझौता किये बिना रसायन से मुक्त प्राकृतिक आयुर्वेदिक उत्पादों पर बड़ी संख्या में सचेत हो रहे हैं।

उसने कहा कि कैटरीना कैफ प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रहने में पक्का यकीन रखती हैं और उन्होंने अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिये मेडिमिक्स साबुन और बॉडीवाश रेंज में आयुर्वेद के गुणों और इसकी सर्वश्रेष्ठ सामग्रियों पर भरोसा किया है। मेडिमिक्स ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी चोलायिल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप चोलायिल ने कहा, ÷मेडिमिक्स नाम भरोसे और गुणवत्तान का पर्याय है। हमारे पास ऐसे उत्पादों की एक श्रृंखला है, जो सक्षम आयुर्वेदिक सामग्रियों से भरे हैं। कैटरीना कैफ को उनकी स्वस्थ? त्वचा के लिये जाना जाता है और वह त्वचा को स्वस्थ रखने के लिये प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग में पक्का यकीन रखती हैं, इसलिये हमारे ब्रांड के साथ उनका जुड़ना सार्थक है।

कभी इटावा की गलियों में घूमते थे महाभारत सीरियल के द्रोणाचार्य

इटावा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर इटावा की गलियों से निकल कर 'महाभारत' में गुरू द्रोणाचार्य की भूमिका के जरिये छोटे पर्दे पर लोकप्रियता का शिखर चूम चुके सुरेन्द्र पाल अपनी मिट्टी से जुड़ा रहना चाहते हैं। सुरेंद्र ने इटावा में स्कूली शिक्षा हासिल की थी जिसके बाद वह यहां से चले गये लेकिन उनके जहन से इटावा की मिट्टी का प्रेम कभी भी दूर नही हो सका। सबसे पहले वह इटावा मे डीएम चौराहे के पास एक पुराने आशियाने के बाहर पहुंचे जहॉ पर कभी वो किराये के मकान मे अपने पिता के साथ रहा करते थे उसके बाद उन्होने इटावा क्लब को निहारा। इसके बाद जी.आई.सी इंटर कालेज के मुख्य गेट पर पहुंचे जहॉ पर सुरेंद्र ने गेट के बाहर खडे होकर कईयो फोटो खिचावाये और स्कूली दिनो की यादो को ताजा कर भावुक हुए।

न्यूज गैलरी

हरे निशान के साथ खुला शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार ने ईद की छुट्टी के अगले दिन बुधवार को बढ़ोतरी के साथ दिन की शुरुआत हुई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 148.92 अंकों की बढ़त के साथ 57124.94 अंकों पर खुला, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 27.5 अंकों की तेजी के साथ 17,096.60 अंकों पर दस्तक दी। हरे निशान के साथ खुले शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का मिडकैप 127.64 अंक उठकर 24,431.62 अंक पर और स्मॉलकैप 130.81 अंकों की बढ़त के साथ 28,492.59 अंक पर खुला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 84.88 अंक टूटकर 56975.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.45 अंक उतरकर 17069.10 अंक पर रहा था।

टीम को कठिन परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए हमने लिया बल्लेबाज़ी का फ़ैसला : हार्दिक

मुम्बई (वार्ता)। एक करो या मरो मुक़ाबले में टॉस हारना मयंक अग्रवाल के लिए काफ़ी चिंता का विषय रहा होगा। इस सीज़न में टॉस के मामले में पंजाब किंग्स दूसरी सबसे बदक़िस्मत टीम रही है। पंजाब किंग्स ने दस में से आठ टॉस हारे हैं, लेकिन मंगलवार को टॉस हारने के कुछ ही पलों बाद मयंक अग्रवाल को वह मिल गया जो वह टॉस जीतने के बाद करना चाहते थे। गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पहले गेंदबाज़ी का आमंत्रण दे दिया।

हार झेलने के बाद ख़ुद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया कि उन्होंने पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला परिस्थितियों को ध्यान में रख कर नहीं, बल्कि टीम को कठिन परिस्थितियों से अवगत कराने के मद्देनज़र लिया था। पहली बार उन्होंने दिन के मुक़ाबले में पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया था। जो कि समझ के परे नहीं थी, लेकिन शाम के मुक़ाबले में पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला कुछ ऐसा था जो कि लोगों को सोचने पर मजबूर कर सकता था।

मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हार्दिक ने कहा, ÷मैं पहले बल्लेबाज़ी करने के हमारे फ़ैसले का समर्थन करता हूं, क्योंकि हम कठिन परिस्थितियों को सामना करना चाहते थे।

भारत टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा

दुबई (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मज़बूत कर लिया है, जबकि भारत और न्यूज़ीलैंड क्रमशः टी20 और वनडे रैंकिंग में नंबर 1 टीम बने हुए हैं।

आईसीसी का वार्षिक अपडेट मई 2019 के बाद से पूरी हुई सभी श्रृंखलाओं को दर्शाता है। रैकिंग अंक में मई 2021 से पहले खेली गई श्रृंखलाओं का भार अब 50 प्रतिशत और बाद की श्रृंखलाओं का 100 प्रतिशत है।

पिछले साल के अंत में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया ने ऐशेज़ में 4-0 से हराया था। इसके बाद पाकिस्तान में हुई टेस्ट सीरीज़ को भी ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से जीता था। इनदोनों सीरीज़ में मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज़ भारत पर अपनी बढ़त को नौ अंक तक बढ़ा लिया है। ऑस्ट्रेलिया के पास अब 128 अंक हैं।

भारत ने 119 रेटिंग तक अंक पहुंचने के लिए एक अंक प्राप्त किया है। वहीं इंग्लैंड के पास 88 रेटिंग अंक हैं, जो 1995 के बाद से सबसे कम है। भारत के खिलाफ़ इंग्लैंड की घरेलू श्रृंखला, जो 2021 में शुरू हुई थी। जुलाई में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के पूरा होने के बाद उसके अंक को रैंकिंग में शामिल किया जाएगा।

न्यूज़ीलैंड (111) और साउथ अफ़्रीका (110) तीसरे स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। न्यूज़ीलैंड, वेस्टइंडीज़ और श्रीलंका के खिलाफ़घरेलू श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। वहीं 93 अंकों के साथ पाकिस्तान पांचवें स्थान पर है।

इस बीच वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड श्रीलंका को 2-0 और पाकिस्तान को 3-0 से हराकर 124 अंकों पर हैं। वहीं वनडे में न्यूज़ीलैंड के पास 125 अंक है। ऑस्ट्रेलिया के पास 107 अंक है और वह तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर भारत और पांचवें स्थान पर पाकिस्तान है। टी20 में भारत पहले स्थान पर है। उन्होंने दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड पर अपनी बढ़त को एक अंक से बढ़ाकर पांच अंक तक कर दी है। पाकिस्तान तीसरे स्थान पर काबिज़ है। दक्षिण अफ़्रीका और ऑस्ट्रेलिया एक-एक स्थान की छलांग के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड दो पायदान की गिरावट के साथ छठे नंबर पर खिसक गया जबकि वेस्टइंडीज़ सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश और श्रीलंका दोनों ने एक स्थान की बढ़त के साथ क्रमशः आठवां और नौवां स्थान हासिल किया है।

टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए हमें निःस्वार्थ खिलाड़ियों की ज़रूरत : स्टोक्स

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हें अपनी टीम के लिए 10 निःस्वार्थ खिलाड़ियों की ज़रूरत है, जिन्हें वह अगले महीने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़शुरू हो रही टेस्ट सीरीज़ में साथ खेलते देखना चाहते हैं। इंग्लैंड को पिछले 17 टेस्ट मैचों में से सिर्फ़एक में ही जीत मिली है। स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से ही उनकी प्राथमिकता रहेगी और वह टेस्ट क्रिकेट को आईपीएल या किसी भी सीमित ओवर के मैच से पहले चुनेंगे। उन्होंने कहा, ÷इंग्लैंड के लिए कप्तानी करना मेरे लिए चुनौती है, लेकिन मैं पिछले कुछ साल की इंग्लिश क्रिकेट की निराशा को पीछे छोड़ आगे बढ़ने के बारे में सोच रहा हूं। यह प्रक्रिया आज से ही और दो जून से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़लॉर्ड्स टेस्ट से शुरु हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जब रॉब की ने उन्हें कप्तानी का प्रस्ताव दिया तब उन्हें कुछ समझ नहीं आया और वह इसे स्वीकार करने में थोड़ा संकोच कर रहे थे। उन्होंने कहा, ÷इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी एक ऐसा जॉब है, जिसे आप एक झटके में 'हां' या 'ना' नहीं कह सकते। आपको सोचने के लिए कुछ समय चाहिए होता है। हालांकि मैंने ज़्यादा समय भी नहीं लिया और कुछ नज़दीकी लोगों से बात करने के बाद हां कर दी। आप ऐसे इस प्रस्ताव को ठुकरा भी नहीं सकते। इंग्लिश टेस्ट क्रिकेट में सुधार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ÷हमें काफ़ी बदलाव की ज़रूरत है।

एलआईसी के आईपीओ में शुरूआती घंटों में मिले 33 प्रतिशत शेयरों के लिए आवेदन

मुंबई (वार्ता)। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) बुधवार को आम जनता के लिए खुला और शुरुआती कुछ घंटों में 5.40 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन आए। जबकि आईपीओ में शेयरों की कुल संख्या 16.20 करोड़ है।

आईपीओ के पहले दिन 12:50 बजे तक कुल 33 प्रतिशत शेयरों के लिए बोलियां मिल चुकी थीं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के लिए आरक्षित कोटे में 36 प्रतिशत बोलियां प्राप्त हुयी थी जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित शेयरों की श्रेणी में 08 प्रतिशत बोलियां मिली थी। इसी तरह एलआईसी के कर्मचारियों और पॉलिसीधारकों के कोटे के शेयरों के लिए क्रमशः 58 प्रतिशत और

116 प्रतिशत आवेदन प्राप्त हुए थे। यह आईपीओ 09 मई को बंद होगा। इसके लिए आवेदन मूल्य का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एलआईसी का शेयर बीएसई और एनएसई में 17 मई को सूचीबद्ध होगा। इस आईपीओ में पॉलिसीधारकों को 60 रुपये और खुदरा एवं कर्मचारियों को 45 रुपये प्रति शेयर की छूट दी गयी है।

एलआईसी में सरकार अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की योजना बना रखी है।

रबादा-शिखर के दम पर पंजाब ने गुजरात को 8 विकेट से पीटा

मुम्बई (वार्ता)। तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा (33 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (नाबाद 62) के बेहतरीन अर्धशतक के दम पर से पंजाब किंग्स ने चोटी की टीम गुजरात टाइटंस को मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 24 गेंद शेष रहते आठ विकेट से पीट दिया।

पंजाब ने गुजरात को 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन के सामान्य स्कोर पर रोकने के बाद 16 ओवर में दो विकेट पर 145 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। गुजरात की 10 मैचों में यह दूसरी हार है लेकिन 16 अंकों के साथ उसका तालिका में शीर्ष स्थान कायम है। दूसरी तरफ पंजाब ने 10 मैचों में पांचवीं जीत हासिल की और पांचवें स्थान पर पहुंचकर उसने अपनी उम्मीदों को कायम रखा। गुजरात के बल?लेबाज पंजाब किंग्स के खिलाफ जूझते नजर आए।

रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर 0.40 प्रतिशत

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अपनी नीतिगत दर रेपो को बुधवार को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत पर करने की घोषणा की। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आरबीआई मुख्यालय पर इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि दीर्घकालीन वृद्धि दर के हित में मुद्रास्फीति को काबू में रखना जरूरी है। उन्होंने वर्तमान आंतरिक और बाहरी परिदृश्यों को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने के साथ-साथ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की नीति के प्रति प्रतिबद्ध है। आरबीआई ने मई 2020 से अपनी रेपो दर (वह दर जिसपर केंद्रीय बैंकों को एक दिन के लिए धन उधार देता है) को 4 प्रतिशत पर बनाए हुए था ताकि कोविड से त्रस्त अर्थव्यवस्था को वृद्धि की राह पर आगे बढ़ाया जा सके। रेपो दर बढ़ाने की रिजर्व बैंक की घोषणा के बाद शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के दौरान में 1342 अंक तक नीचे आ गया था। कोविड का संकट कम होने और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच अचानक रूस यूक्रेन युद्ध से जिंसों का अंतरराष्ट्रीय बाजार और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ गया है। मार्च में भारत में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.95 प्रतिशत तक पहुंच गयी जो इसका 17 महीने का उच्चतम स्तर है।

पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की तेल विपणन कंपनियों ने लगातार 28वें दिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में बुधवार को भी ईंधन की कीमतों में टिकाव बना रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.08 प्रतिशत चढ़कर 106.10 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.64 डालर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है।

बैठक... मौद्रिक नीति समिति की दो और चार मई को हुयी बैठक में लिए गए कई निर्णय

महंगाई को काबू में करने के लिए रेपो दर में 40 आधार अंक की वृद्धि

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुये इसको काबू में करने के उद्देश्य से रेपो दर में आज तत्काल प्रभाव से 40 आधार अंक की बढोतरी करने का निर्णय लिया है, जिससे सभी प्रकार के ऋण महंगें हो जायेंगे। कोरोना काल के शुरू होने के बाद मई 2020 के बाद पहली बार रिजर्व बैंक ने इस दर में बढोतरी की है।

मौद्रिक नीति समिति की दो और चार मई को हुयी बैठक के बाद आज दोपहर केन्द्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि रेपा दर को अब 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही स्टैंडिंग डिपोजिट

फैसिलिटी(एसडीएफ) दर को भी 40 आधार अंक बढ़ाकर 4.15 प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) दर को 4.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.65 प्रतिशत कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई को लक्षित दायरे में रखने को सुनिश्चित करने में समायोजन को वापस लेते हुये विकास को समर्थन करने के लिए अपने मौद्रिक रुख को समायोजन वाला बनाये रखने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि आज लिये गये निर्णय का लक्ष्य मध्यकाल में विकास को समर्थन करते हुये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का छह प्रतिशत तक के लक्षित दायरे में रखना है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल में हुयी समिति की बैठक के बाद से वैश्विक स्तर पर भू राजनैतिक तनावों और प्रतिबंधों से कई कारक ऐसे हुये हैं जिससे बाधा आयी है और वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुयी है। कीमतों में बढ़ोतरी हुयी है। इससे आर्थिक स्तर पर जोखिम बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने तीन महीने से भी कम समय में वैश्विक आर्थिक विकास परिदृश्य में कटौती की है। इसके साथ ही विश्व व्यापार संगठन ने भी वैश्विक व्यापार वृद्धि के अनुमान में कटौती की है।

गवर्नर ने कहा कि मजबूत आर्थिक नींव और भंडारण के बल पर आर्थिक गतिविधियों के नकारात्मक झटकों से निपटने की क्षमता है। अल्पकालिक महंगाई को भी तीव्रता से काबू करने की क्षमता है लेकिन वैश्विक कारकों के कारण हो रही बढोतरी का असर दिख सकता है। इसके मद्देनजर समिति ने रेपो दर में यह बढोतरी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर के कारण लगाये गये प्रतिबंधों में ठील दिये जाने से इस वर्ष मार्च अप्रैल के दौरान घरेलू आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता आयी। शहरी मांग में तेजी आने लगी लेकिन ग्रामीण मांग कुछ नरम है। निवेश गतिविधियों में भी तेजी आने लगी है। निर्यात में अप्रैल में लगातार 14वें महीने में दहाई अंकों की बढोतरी हुयी है।

ब्रेसवेल इंग्लैंड दौरे के लिए चुने गए, विलियमसन की वापसी

वेलिंग्टन (वार्ता)। इंग्लैंड के खिलाफ़ होने वाली सीरीज़ के लिए पहली बार हरफ़नमौला माइकल ब्रेसवेल को न्यूज़ीलैंड की 20 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। इस टीम में अनकैप्ड कैम फ़्लेचर, ब्लेयर टिकनर और जेकब डफ़ी को भी लिया गया है, जो वार्म-अप मैचों में आईपीएल खेल रहे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति को भरेंगे। पहला टेस्ट दो जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। कोहनी की चोट के कारण कप्तान केन विलि?यमसन घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए थे, ऐसे में वह पिछले साल नवंबर के बाद से वापसी करेंगे। वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो वार्म अप मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनके साथ ही ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी, डेवन कॉन्वे और डैरिल मिचेल के भी इंग्लैंड देर से पहुंचने की संभावना है। न्यूज़ीलैंड गत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की चैंपियन है।भारत के खिलाफ़ एक पारी में सभी दस विकेट लेने के बाद एजाज़ पटेल पहली बार वापसी कर रहे हैं, उनका साथ स्पिन विभाग में साथ देने के लिए रचिन रविंद्र भी टीम में होंगे। दल : केन विलियमसन (कप्तान), टॉम ब्लंडल, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवन कॉन्वे, कोलिन डि ग्रैंडहोम, जेकब डफ़ी, कैमरन फ़्लेचर, मैट हेनरी, काइल जेमीसन, टॉम लेथम, डैरिल मिचेल, हेनरी निकल्स, एजाज़ पटेल, रचिन रविंद्र, हामिश रदरफ़ोर्ड, टिम साउदी, ब्लेयर टिकनर, नील वैगनर, विल यंग।

एसबीआई संचालन की कलेक्टर ने दी अनुमति

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जनसमुदाय को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में बैकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा को बैंक संचालन के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा शर्तों के अधीन अनुमति प्रदान किया है। क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में बैंक संचालन हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत कर भवन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। तत्संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स) गरियाबंद द्वारा प्रस्तावित बाढ़ आपदा भवन में बैंक संचालन की स्थिति में प्रतिमाह राशि 15 हजार 310 रूपये किराया निर्धारण के प्रस्ताव दिया गया। जिसके फलस्वरूप शर्तो के अधीन कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा इस आशय के आदेश जारी किया गया है। प्रस्तावित भवन में बैंकिग कार्य के अतिरिक्त अन्य गतिविधियां संपादित नहीं की जावेगी तथा बैंक में निगरानी हेतु सीसीटीवी यंत्र, अग्निशमन यंत्र तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन की होगी। बैंक में आवश्यकतानुसार सुविधाएं जैसे जल, विद्युत, इंटरनेट आदि व्यवस्था बैंक प्रबंधन को स्वयं करना होगा व बैंक संचालन हेतु प्रस्तावित भवन की किराया राशि प्रतिमाह 15 हजार 310 रुपये प्रत्येक माह के 05 तारीख तक जिला नाजरात शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा। यह राशि भवन के आधिपत्य प्राप्त करने की तिथि से देय होगी। बैंक प्रबंधन के लिए भवन का आधिपत्य अपर कलेक्टर गरियाबंद के माध्यम से इस आदेश के 30 दिवस के भीतर प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अन्यथा यह आदेश स्वमेव निरस्त माना जावेगा। भविष्य में बैंक संचालन हेतु अनुमति प्रदत्त भवन की जिला कार्यालय को आवश्यकता होने पर बैंक प्रबंधन को भवन रिक्त करना होगा। कलेक्टर का निर्णय बैंक प्रबंधन के लिए बंधनकारी होगा।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने खुद के विभाग पर ही खड़े किए सवाल

- अस्पताल की व्यवस्था को देख बोले जैसा बाहर से दिखता है वैसी व्यवस्था नही हैं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव का बुधवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर रहे। वे मंदिर दर्शन करने के बाद उनका युवा कांग्रेस मंदिर परिसर में ही स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव यहां से सीधे अस्पताल पहुंचे। वहां अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्थाओं को देख अचरज में पड़ गए। उन्होंने अपने ही विभाग पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा जैसा अस्पताल बाहर से चमक रहा है, वैसी व्यवस्थाए नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा अस्पताल में सीजीएमसी के अलावा भी बाहर से दवाईयों की खरीददारी की जा रही है। इस बात की जानाकरी दंतेवाड़ा ही आकर हो रही है। इधर-ढाई-ढाई साल के फार्मूले कुछ नहीं कहा। वे इतना जरूर बोले कि मेरे खून में कांग्रेस है। मेरी कई पीढ़ियों ने कांग्रेस की राजनीति की है। वह कांग्रेस से विमुख नहीं हो सकते है। यह फैसला तो आलाकमान पर है। यह चर्चा उन्होंने पत्रकारों से सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान की है।

मंत्री के दौरे से नदारद रहे कलेक्टर-एसपी

राजनैतिक गलियारों में एक बड़ी चर्चा हो रही है। लोगों का कहना पहली बार है किसी सरकार के मंत्री दौरे पर है और प्रशासनिक अधिकारी नदारद है। कलेक्टर और एसपी दोनों ही मंत्री टीएस सिंह देव के आसपास नहीं दिखे। इस तरह अधिकारियों का ना रहना लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनीति के जानकार कह रहे है कि कांग्रेस में सबकुछ ठीक नही चल रहा है। आबाकरी मंत्री कावासी लखमा के प्रवास के दौरान पूरा प्रशासनिक अमला आगे पीछे घूम रहा था। वही बाबा के प्रवास पर प्रशासनिक अधिकारियों का दूर रहना कांग्रेस सरकार को सवालों में खड़ा कर रहा है।

अल्लाह की इबादत में झुके हजारों सिर अमन-चैन व खुशहाली की मांगी दुआ

देवकर/नवप्रदेश। मंगलवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर देशवासियों के लिए अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इस दौरान बच्चों में भी ज्यादा उत्साह रहा। सुबह नमाज के बाद बड़े-बुजुर्ग सभी ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों में जाकर ईद की मुबारकबाद दी और लजीज पकवानों का लुत्फ उठाया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। कोरोना काल में दो साल तक पवित्र रमजान महीना को सादगी से मनाया गया था। मस्जिदों में केवल पांच लोगों को नमाज पढ़ने की अनुमति थी। इस साल महामारी की स्थिति सामान्य हो जाने से नियमों की सारी बंदिश हटा दी गई। मंगलवार को सुबह से मुस्लिम समाज के घर-घर में ईद की तैयारियां शुरू हो गई। नए कपड़े पहनकर परिवार के बुजुर्ग, बच्चे, युवा नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर निकल पड़े। देशवासियों की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी गई। इसके पश्चात एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर देवकर सहित नमाज सभी इलाकों में अलग अलग मस्जिदों में नमाज अदा की गई। निकटवर्ती ग्राम बासीन में ईदगाह पर नमाज पढ़ी गई। वहीं दोस्तों ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। यहां एक साथ हजारों लोगों ने नमाज पढ़कर दुआ मांगी। मस्जिदों में नमाज की विशेष व्यवस्था की गई थी। मस्जिद से बाहर आकर जरूरतमंदों की मदद की और बच्चों को ईदी के रूप में रुपये दिए। नमाज के बाद मुस्लिम मोहल्लों में घर-घर में ईद की खुशियां छाई रही। जान पहचान के लोगों में एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा और मीठी सेवइयों से मुंह मीठा कराया जाता रहा। नमाज पढ़ने के लिए छोटे बच्चे भी अपने पिता, भाई के साथ पहुंचे। युवाओं ने कुर्ता, पायजामा, पठानी सूट धारण कर रखा था। एक सरीखा सूट पहने युवा आकर्षण का केंद्र रहे। कई लोगों ने मस्जिद के बाहर मीठी सेवइयां बांटकर ईद की खुशी मनाई।

जल जीवन मिशन : करोड़ों के निर्माण कार्य, ठेकेदारों से डण्डी मारने की होड़!

- स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर कार्य में जिले के पंचायतों में मनमानी का मामला

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में बच्चों को साफ पानी उपलब्ध कराने केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत रनिंग वाटर कार्य में हर पंचायतों में गड़बड़झाला और कम सामग्री लगाकर डण्डी मारने की होड़ लगी है। अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग रही। यह समझ से परे हैं जिससे अब अधिकारियों के मॉनिटरिंग को लेकर भी सवाल खड़ा हो रहा हैं।

एक आंबा में 1.6 लाख की लागत से कार्य

जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत एक आंगनबाड़ी केंद्र में एक लाख छह हजार की लागत से कार्य कराया जाना है। जिले के 1502 आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 15.92 करोड़ की लागत से शुरू पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। आंगनबाड़ी केंद्र की छत पर एक हजार लीटर वाली प्लास्टिक टंकी लगानी है। लेकिन निर्माण एजेंसी की मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण ठेकेदार 500 लीटर की टंकी लगा अधूरा नल फिटिंग कराने के बाद काम पूरा बताकर बिल सबमिट कर चलते बने।

जिले के पांचों ब्लॉकों में संचालित 2898 आंगनबाड़ी केंद्र व प्राइमरी-मिडिल स्कूलों में साफ पेयजल उपलब्ध कराने करीब 34.46 करोड़ की कार्य योजना बना कर रिपोर्ट सौंपी गई। इसकी मंजूरी भी मिल गई। पीएचई विभाग द्वारा इसका निर्माण कार्य कराया जाना था किन्तु कुछ राजनीतिक दबाव से यह कार्य पंचायत को दे दिया गया। जहां पंचायतों में बिना सरपंच की जानकारी के कार्य भी अघोषित ठेकेदारों ने पंचायतो के सचिव के कहने पर कर दिया किन्तु अधूरे कार्य व कम सामग्री लगाकर पूरा भुगतान भी ले लिया। दरअसल, मॉनिटरिंग नहीं होने से अब ठेकेदार अपनी मर्जी से जैसे-तैसे निर्माण कार्य जुगाड़ में कराने में लगे हुए है। भले ही योजना का लाभ बच्चों को भविष्य में मिले या न मिले इन्हें केवल मूल्यांकन कर भुगतान निकालने की जल्दबाजी हैं जिससे अब भुगतान के दबाव को लेकर गोलमाल होने की संभावना हैं।

क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में पीएचई विभाग के ईई एसबी सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जिले में 1502 आंगनबाड़ी व 1396 स्कूलों में जल जीवन मिशन से पेयजल उपलब्ध कराने स्वीकृति मिली है। एक आंगनबाड़ी में 1.6 लाख और एक स्कूल में 1.36 लाख लागत है। जिला पंचायत के माध्यम से पंचायत के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। मूल्यांकन के बाद उसका भुगतान किया जाएगा। वहीं कुछ स्थानों में पंद्रहवें वित्त से भी भुगतान होना है।

ये कार्य कराए जा रहे

जल जीवन मिशन के तहत 2898 स्कूलों व आंबा केंद्रों का चयन किया गया जिसमें 1502 आंबा व 1396 प्राइमरी-मिडिल स्कूल शामिल हैं। इनमें शिक्षण संस्थानों की छत पर प्लास्टिक टंकी लगाकर पाइपलाइन के सहारे नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। लेकिन क्रियांवयन एजेंसी की लापरवाही के कारण ठेकेदार जैसे-तैसे अपनी मर्जी के हिसाब से काम करा रहे। इस्टीमेट में प्रत्येक स्कूल में दो हजार लीटर की क्षमता वाली टंकी या एक-एक हजार लीटर की दो टंकी लगाई जानी है। लेकिन ठेकेदार सिर्फ एक हजार लीटर वाली टंकी लगा इसमें भी गड़बड़ी करने के फिराक में है। जबकि एक स्कूल में कार्य की लागत 1.36 लाख है। वहीं प्लास्टिक टंकी लगाने व पाइपलाइन-नल फिटिंग व सबमर्सिबल पंप लगाने 49913 रुपए बजट का प्रावधान है। जिसमें कम लागत की मशीन लगा कर पूर्ण राशि निकाली जा रही। जबकि स्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं हुआ है।

गांधी मंदिर वार्डवासियो को मिला नया बोर

भाटापारा/नवप्रदेश। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक मिश्रा के प्रयास से गांधी मंदिर वार्ड मानिकपुरी गली मे कराये गये बोर में वार्ड की पार्षद व सभापति श्वेता मिश्रा द्वारा नगर पालिका से समर्सिबल पंप लगवाया गया व विधिवत पूजा कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे। लोगों ने पार्षद द्वारा कराये गये इस पुनीत की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

एक दिन के लिए लखपति बने, तीन चोर धरे गए

कांकेर/नवप्रदेश। आमाबेड़ा थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा है। जिनसे चोरी के सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आकाश पासवान ने अपने किराए के घर में 1 लाख 70 हजार रुपए रखे थे। मकान में ताला लगाकर दोपहर 1 बजे ग्राहक सेवा केंद्र चला गया। जब 5 बजे वापस आया तो देखा उसके मकान का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे पैसे गायब है। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान लंबोदर नेगी, पुनाराम नेताम तथा गुंजन नेगी को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि तीनों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर गए तथा अंदर के लॉकर को भी तोड़ कर 1 लाख 20 हजार रुपए पार कर दिए। इनके कब्जे से पुलिस ने 2 महंगे मोबाइल तथा चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक के साथ नकदी रकम भी बरामद कर ली।

श्रीमद्भागवत श्रवण से अंतकरण हो जाता है शुद्ध : योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर के समृद्धि विहार कालोनी में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण के समापन पर किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने कथावाचक पंडित तिरलोक शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त कर बेमेतरा के खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर कथा वाचक का फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही जय श्रीराधे-जय श्रीकृष्णा के जयकारे लगाए गए। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि जो जीव श्रीमद्भागवत कथा पुराण का श्रवण करता है, उसका अंतकरण शुद्ध हो जाता है। सात दिनों की कथा सुनना तभी सार्थक माना जाता है, जब हम भगवान द्वारा बताए गए रास्तों पर चलते हैं। यह कथा मनुष्य को इस भवसागर से तार देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव गुरु बनाना चाहिए। परमपिता परमात्मा की बनाई हुई सभी वस्तुओं से हमें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। श्रीमद्भागवत पुराण हम सभी को जीवन यापन करना सिखाती है।